R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

खबरें बेबाक, बेखौफ बेझिझक

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया

ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -316 | ग्वालियर, मंगलवार 25 जून 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए

# जबलपुर एयरपोर्ट और मदन महल फ्लायओवर वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम से जाना जाएगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## वीरांगना रानी दुर्गावती के विविध पक्षों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा

## मुख्यमंत्री ने वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर किया संबोधित

भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वीरांगना रानी दुर्गावती ने न केवल अकबर की सेना को तीन बार परास्त किया अपितु सुशासन और जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी कई नवाचार करते हुए क्षेत्र को जनोन्मुखी शासन व्यवस्था प्रदान की। जबलपुर एयरपोर्ट और मदन महल से होकर गुजरने वाला फ्लायओवर वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम से जाना जाएगा। गढ़ में रानी दुर्गावती के नाम पर स्टेडियम के लिए भी भारत सरकार से अनुमति दिलाने का प्रयास भी राज्य शासन द्वारा किया जाएगा। क्षेत्र के तालाबों व जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार भी प्राथमिकता से करेंगे। यह उनकी वीरता और पराक्रम को आदरांजलि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अकबर का दौर कठिनकाल था, एक ओर जहाँ महाराणा प्रताप उससे संघर्ष कर रहे थे, वहीं वनांचल में वीरांगना रानी दुर्गावती ने अकबर की सेना से लोहा लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन, उनके पराक्रम और सुशासन के लिए किए गए नवाचारों को देश-दुनिया के सामने लाने के उद्देश्य से इन्हें पाठ्यक्रम में शामिल करने के साथ-साथ इन विषयों पर सेमिनार भी आयोजित किए जाएंगे। वीरांगना रानी दुर्गावती के विविध पक्षों को सामने लाने के लिए 5 लाख रूपए का पुरस्कार भी घोषित किया गया है। जबलपुर सहित प्रदेश में प्रतिमाह सांस्कृतिक एवं बौद्धिक आयोजन भी होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रानी दुर्गावती के 500 वें जन्मशताब्दी वर्ष में उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता ज्ञापित करने के उद्देश्य से ही पहली कैबिनेट जबलपुर में आयोजित




की गई। भारतीय संस्कृति, सभ्यता और परम्पराओं के सम्मान व रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीरांगना रानी दुर्गावती जैसे व्यक्तित्वों के जीवन संघर्ष के अनछुए पहलुओं से जनसामान्य को परिचित कराने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में निरंतर कार्य जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती और रानी अवंतीबाई लोधी ऐतिहासिक रूप से नारी शक्ति की अभिव्यक्ति रही हैं। उन्होंने यह सिद्ध किया कि युद्ध हो या शासन व्यवस्था महिलाएं कहीं भी पीछे नहीं हैं। इसी क्रम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने जनजातीय प्रतिभा का प्रकटीकरण करते हुए भारतीय महिलाओं की क्षमता से देश ही नहीं दुनिया को अवगत कराया है। राज्य सरकार कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित है। श्रद्धांजलि अर्पित की गोंडवाना साम्राज्य की महारानी अदम्य शौर्य, पराक्रम और स्वाभिमान की प्रतीक वीरांगना रानी दुर्गावती के 461 वें बलिदान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज यहाँ नरई नाला स्थित समाधि स्थल पहुँचकर पूजा-अर्चना की तथा रानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधि स्थल पर रानी दुर्गावती अमर रहे के नारों के बीच रानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

### रानी के सुपुत्र श्री वीरनारायण को अर्पित की पुष्पांजलि

मुख्यमंत्री यादव ने जनजातीय समाज के आराध्य बड़ादेव की पूजा अर्चना की। उन्होंने रानी की समाधि पर पूजा और श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री ने समाधि स्थल पर ही रानी दुर्गावती के सुपुत्र श्री वीरनारायण को भी पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री का जनजातीय परम्परा से किया आत्मीय स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का समाधि स्थल पर बैगा जनजातीय नर्तक दल ने बैगा नाचा नृत्य से स्वागत किया। मुख्यमंत्री को जनजातीय नर्तकों ने खुमरी पहनाई। डॉ. यादव भी इस मौके पर कुछ अलग अंदाज में नजर आये। उन्होंने मोहगांव, मंडला से आये इन जनजातीय नर्तकों के साथ मादल की थाप पर नृत्य किया। कलाकारों को 5-5 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि समाधि स्थल से प्रस्थान करते समय मुख्यमंत्री डॉ. यादव बैगा नर्तक दल के सदस्यों से आत्मीयता से मिले। उन्होंने दल में शामिल कलाकारों को पाँच-पाँच हजार रुपये देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह, विधायक सर्व श्री सुशील कुमार तिवारी इंदु, संतोष वरकड़े, डॉ. अभिलाष पांडे एवं नीरज सिंह, पूर्व विधायक श्रीमती नन्दिनी मरावी, श्री सुभाष तिवारी रानू भी थे।

# जनता ने हमारी नीयत व नीति पर मुहर लगाईः प्रधानमंत्री मोदी




नई दिल्ली, 24 जून (हि.स.)। 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू होने से पहले सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि जनता ने हमारी नीयत और नीति पर मुहर लगाई। हम सभी को साथ लेना चाहते हैं। संसदीय लोकतंत्र में यह गौरवशाली दिन है। आजादी के बाद पहली बार हमारे अपने नए संसद भवन में शपथ ग्रहण समारोह हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज 18वीं लोकसभा शुरू हो रही है। दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव भव्य और शानदार तरीके से हुआ। यह इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि आजादी के बाद दूसरी बार देश की जनता ने लगातार तीसरी बार एक सरकार को सेवा करने का मौका दिया है। पिछले 10 सालों में हमेशा एक परंपरा लागू करने की कोशिश की है क्योंकि हमारा मानना है कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की जरूरत होती है लेकिन देश चलाने के लिए आम सहमति सबसे महत्वपूर्ण है। हम सबको साथ लेकर आगे बढ़ना चाहते हैं और फैसलों को गति देना चाहते हैं।

# शहर में दिन में उमस ने सताया, शाम को बरसे मेघ

ग्वालियर। पिछले तीन दिन से चुप्पी साधे बैठा प्री-मानसून एक बार सक्रिय हो गया है। सोमवार को भीषण उमस ने दिन भर लोगों को पसीने से नहलाया तो शाम को आए बादलों ने राहत की बारिश कर दी। मौसम विभाग के अनुसार मानसून के लिए अभी चार से पांच दिन इंतजार करना पड़ेगा। इससे पहले प्री-मानसून रह-रहकर राहत की बारिश करता रहेगा। यहां बता दें कि इससे पहले 20 जून की शाम से देर रात तक 21.6 मिलीमीटर बारिश हुई थी। इसके बाद बादल तो निरंतर घुमड़ रहे थे लेकिन बारिश नहीं हो रही थी। जिससे वातावरण में बढ़ी उमस से शहरवासी परेशान थे।



# जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों के द्वारा सिविल अस्पताल में किया चाय बिस्कुट का वितरण

दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान-

भिंड -/* जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी अरुणेश सिंह भदौरिया निर्देशन पर एवं चंबल संभाग प्रभारी संतोष गोस्वामी के मार्गदर्शन में सोसाइटी की ज़िला इकाई भिड़ टीम के द्वारा नमकीन बिस्किट चाय का वितरण आलमपुर ज़िला भिड़ के सरकारी अस्पताल में मरीजो को निःशुल्क किया गया कार्यक्रम का आयोजन आलमपुर ज़िला भिड़ के अध्यक्ष भजनलाल गोस्वामी के नेतृत्व में किया गया कार्यक्रम में अध्यक्ष के अलावा ज़िला उपाध्यक्ष दुर्गा गोस्वामी ज़िला महा सचिव सोनू राठौर फ़ौजी ज़िला मीडिया प्रभारी मुन्ना लाल गोस्वामी , विजय गोस्वामी और रोहित गोस्वामी आदि उपस्थिति रहे कार्यक्रम में अस्पताल के डॉक्टर कुलदीप का भरपूर सहयोग रहा

# आरक्षक अशोक परिहार ने की गौ सेवा की मिसाल कायम

### भूखी गायों को खिलाते चारा,प्यासी गायों को पिला रहे जल

दैनिक कैसरिया हिन्दुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान मो, 8889486368

लहार विधानसभा के ग्राम खजुरी के निवासी एस,एफ बटालियन के जवान आरक्षक अशोक परिहार पिछले कई वर्षो से मां गायत्री गोरक्षा संगठन प्रमुख संतोष चौहान से जुड़कर गौ माता के चारे पानी उपचार आदि सेवा के लिए



सराहनीय सहयोग प्रदान करते आ रहे हैं इतना ही नहीं आरक्षक अशौक परिहार ग्वालियर अपने सरकारी क्वार्टर निवास पर भूख प्यास से भटकती व्याकुल गायों के लिए चारा भुसा के साथ साथ शीतल जल की भी व्यवस्था करते हैं गौ सेवाक अशोक परिहार ने बताया कि गौ माता की सेवा करने से मुझे आत्मिक संतुष्टि प्राप्त होती है गौ माता की सेवा से जीवन सार्थक हो जाता है गौ माता का आशीर्वाद मेरे परिवार पर बना रहे ऐसी हम गौ माता से प्रार्थना करते हैं

# अभ्यर्थियों को 4 जुलाई तक प्रस्तुत करना होगा अपने चुनावी खर्चे का विस्तृत हिसाब-किताब

### लेखा संबंधी जानकारी देने के लिये प्रशिक्षण 27 जून को

दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान-

ग्वालियर / ग्वालियर संसदीय क्षेत्र से जिन अभ्यर्थियों ने चुनाव लड़ा था, उन्हें अपना निर्वाचन व्यय लेखा का विस्तृत विवरण जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। चुनाव परिणाम घोषित होने 30 दिन के भीतर यानि 4 जुलाई तक यह विवरण दाखिल करना होगा। संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा सह नोडल अधिकारी व्यय लेखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करने संबंधी बारीकियाँ समझाने के लिये 27 जून को कलेक्ट्रेट के सभागार में प्रातः 11 बजे एक प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है। अभ्यर्थीगण स्वयं अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्ता को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भेजकर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसी तरह अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय के संबंध में 30 जून को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट के सभागार में लेखा समाधान बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में उपस्थित रहने के लिये भी सभी अभ्यर्थियों एवं उनके अभिकर्ताओं को सूचित किया गया है।

# मनुष्य सच्चे मन से भगवान का नाम लेता है तो उसके सारे बिगड़े काम बन जाते हैं





ग्वालियर ग्राम दुबहा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित रवि तिवारी महाराज ने बताया कि जो भी मनुष्य सच्चे मन से भगवान का नाम लेता है तो उसके सारे बिगड़े काम बन जाते है और उसका ह्रदय निर्मल हो जाता है। भगवान का नाम मनुष्य के ह्रदय में भगवान की कथा को सुनने से आता है।

इस संसार का कोई भी मानव अमर नहीं है,सबकी मृत्यु निश्चित है। मनुष्य कितना भी बड़ा ज्ञानी हो, धनवान हो, राजा, भिखारी, साधु हो, सभी मनुष्य को एक दिन इस दुनिया को छोड़ कर जाना है। मनुष्य को हर दिन कथा को सुनना चाहिए। संसार के सारे दुःख को सिर्फ भगवान ही समाप्त कर सकते है, इसलिए सभी मनुष्य को भगवान की शरण में चले जाना चाहिए।

जो भी मनुष्य भागवत कथा को सुनता है उसका कल्याण हो जाता है और उसके सारे दुखों का नाश हो जाता है। हर मनुष्य अपने ज्ञान और भक्ति के बल पर ही भगवान का दर्शन कर सकता है। जो भी मनुष्य भगवान से सच्चे मन से प्रेम करता है, भगवान उसके सारे बिगड़े काम को बना देते है। हर मनुष्य को अपने बच्चों को भगवान के भजन का श्रवण करवाना चाहिए इस अवसर पर कथा परीक्षित एवं अन्य भक्तगणों ने श्रीमद् भागवत ज्ञान पुराण की आरती की इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया

# भगवा हिंदू क्रांति दल दल के सदस्यों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सोपा ज्ञापन

गिर्राज ओझा-/- देनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर-- -* भगवा हिंदू क्रांति दल ग्वालियर द्वारा गाय माता के लिए मुख्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम ग्वालियर कलेक्ट्रेट पहुंचकर क एस एस डी एम अतुल सिंह जी को ज्ञापन सोपा ज्ञापन के माध्यम से हिंदू क्रांति दल के सदस्यों ने अपनी मुख्य शर्ते एवं मुख्य मांगों को लेकर एसडीम महोदय को अवगत कराया अगर समय रहते हुए उनकी मांगों को नहीं मांगा गया तो भगवा हिंदू क्रांति दल अपना विरोध प्रदर्शन कर आगामी दिनों में ग्वालियर बंद की चेतावनी देता हैज्ञापन देने वालों में बलवंत डोंगे अंकित झा जितेंद्र सिंह



परिहार गौरव भदोरिया प्रवीण चौधरी मनोज जोशी पूरी टीम के साथ कन्हैया झा घनश्याम जोशी पवन कुशवाहा आनंद गवरकर व भगवा हिंदू क्रांति दल के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे उपस्थित रहे

# ग्राम पंचायत सहायक सचिव के पास आय से अधिक सम्पत्ति

### 8 साल की नौकरी मे कमाया अपार धन 9000 की नौकरी में लोगों के खर्च चलाने दुर्लभ

पोरसा ग्राम पंचायत गढ़िया सहायक सचिव लालजीत सिंह तोमर पर आय से अधिक संपत्ति सरकार के अनुसार सहायक सचिव का मासिक भुगतान 9000 रु. है लेकिन 8 साल की नौकरी के दौरान सहायक ने पंचायत के द्वारा अधिक सम्पत्ति अर्जित कर ली है जिसमें उसके पास 2 जे.सी.वी. जिनकी कीमत 80,00,000/- रु. (अस्सी लाख) दो मकान गोविंद धर के सामने, गोपालपुरा रोड पोरसा में उचित कीमत लगभग 50 लाख रु एवं दो मकान वार्ड क. 14 गोपालपुरा रोड टावर के पास, पोरसा कीमत लगभग 40 लाख रु. एवं अनिल के मकान के पास 2 प्लॉट जिसकी कीमत लगभग 20 लाख रु. एक प्लॉट अटेर रोड बाईपास के पहले मोंटी मार्केट में पीछे पोरसा में जिसकी कीमत 10 लाख रु. एवं 25 बीघा खेत डोडरी में है जो कि 3 लोगों के नाम है लालजीत, अनिल व हरेन्द्र भदौरिया के नाम हैं तथा 25 बीघा जमीन लला के पुरा के प्रमोद पुत्र ख्याली से खरीदी गई है जिसकी कीमत लगभग 70 लाख रु. एवं एक बीघा जमीन ग्राम चित्तरपुरा पोरसा में उदयराज बघेल से खरीदी जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रु. एवं डेढ़ बीघा जमीन गढ़िया में रामप्रकाश पंडित की बगिया के पास जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रु. एवं 13 विस्वा जमीन चित्तरपुरा वाली रोड ग्राम गढ़िया पोरसा में जो भारत सिंह के बगल से है रोजगार सहायक पर आय से अधिक कई और संपति भी बताई जा रही है

# दो दिन के भीतर 1303 ई-रिक्शा का हुआ पंजीयन

## दूसरे दिन सायंकाल 5 बजे तक 521 ई-रिक्शा का किया पंजीयन

दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान-

ग्वालियर -/- शहर में आधा दर्जन स्थानों पर नाके सह शिविर लगाकर ई-रिक्शा का पंजीयन किया जा रहा है। दो दिन के भीतर 1303 ई-रिक्शा पंजीकृत किए जा चुके हैं। पंजीयन के दूसरे दिन सायंकाल 5 बजे तक 521 ई-रिक्शा का पंजीयन किया गया। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम, सुचारू व सुव्यवस्थित बनाने के लिये शहर में ई-रिक्शा के रूट निर्धारित किए जा रहे हैं। साथ ही लॉटरी पद्धति से यह तय किया जायेगा कि किस रूट पर कौन सा पंजीकृत ई-रिक्शा चलेगा।

ज्ञात हो गत 23 जून को शहर में आधा दर्जन स्थानों पर ई-रिक्शा का पंजीयन शुरू किया गया था। इन स्थलों पर पंजीयन का काम 29 जून तक किया जायेगा। ई-रिक्शा का पंजीयन कराने के लिये एक हफ्ते का अंतिम मौका दिया गया है। शहर में नाके सह शिविर लगाकर आधा दर्जन स्थानों पर ई-रिक्शा का पंजीयन किया जा रहा है। इन नाकों पर 29 जून तक ई-रिक्शा पंजीयन की कार्यवाही की जायेगी। अंतिम तिथि के बाद बगैर पंजीयन के कोई ई-रिक्शा शहर में चलता मिला तो उसे जब्त करने की कार्रवाई की जायेगी।

स्मार्ट सिटी के कंट्रोल एण्ड कमाण्ड सेंटर से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजीयन के दूसरे दिन यानि 24 जून को हजीरा क्षेत्र में स्थापित किए गए नाका सह शिविर में 124 ई-रिक्शा का पंजीयन किया गया। इसी तरह बारादरी पर 52, गोला का मंदिर पर 87, फूलबाग चौराहे पर 90, महाराज बाड़ा पर 56 एवं आमखो पर स्थापित किए गए नाका सह शिविर में 112 ई-रिक्शों का पंजीयन किया गया।

दोनों दिनों के पंजीयन को मिलाकर हजीरा क्षेत्र में स्थापित नाके पर 251, बारादरी में 156, गोला का मंदिर में 317, फूलबाग में 145, महाराज बाड़ा में 238 एवं आमखो क्षेत्र में स्थापित किए गए नाका सह शिविर में अब तक 196 ई-रिक्शा का पंजीयन किया जा चुका है।

पंजीयन की जानकारी देने के लिये जगह-जगह किया जा रहा है एनाउंसमेंट

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने पंजीयन स्थलों एवं तिथियों के बारे में स्मार्ट सिटी के आईटीएमएस पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। इस परिपालन में ग्वालियर शहर में विभिन्न तिराहों-चौराहों सहित कुल 31 स्थानों पर स्मार्ट सिटी के पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम से पंजीयन के संबंध में एनाउंसमेंट किया जा रहा है।

# जलभराव की समस्या से पीड़ित ग्राम वासियों ने जिलाधिकारी को दिया शिकायती पत्र

## जल निकासी के लिए बने तालाब को पोर कर दबंगों ने किया कब्जा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो चीफ

विपिन मित्तल की रिपोर्ट

औरैया 24 जून। जनपद के सहायल गांव में जलभराव की समस्या से जूझ रहे आधा सैकड़ा लोगो ने आज मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी शिकायती पत्र दिया। ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायत पत्र के मुताबिक गांव में 3 साल पहले एक तालाब था जिसे लोगो ने पोर कर उस पर कब्जा कर लिया है जिसकी वजह से गांव की नालियों का व बरसात का पानी सड़कों पर बह रहा है,जिससे आवागमन में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

गौर तलब है कि अगले सप्ताह स्कूल खुलने वाले हैं, क़स्बे के गली/सड़कों पर जलभराव से छात्र/छात्राएं कैसे पहुंचेंगे विद्यालय, फोटो में साफ़ तौर पर देखा जा सकता है कि तालाब पर कब्जा होने के बाद से सड़क/गलियों में नाली का गंदा पानी इस कदर भरा हुआ है जैसे कोई गन्दा नाला बह रहा हो।

उक्त शिकायत भी पुर्व में भी की जा चुकी हैं, परन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे कब्जाधारियों के हौसले बुलंद हो गये, जिसको लेकर आज दिनांक 24 जून दिन सोमवार को लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गए, और जिलाधिकारी औरैया को लिखित शिकायती पत्र देकर अवगत कराया, ग्राम वासियों के मुताबिक जनपद औरैया के सहायल कस्बे में कभी पानी निकासी के लिए तालाब था , लेकिन कई लोगों ने तालाब की भूमि पर कब्जा कर लिया और तालाब को बंद कर दिया, जिसके कारण



कस्बे में जलभराव की समस्या से लोग परेशान है। व्यापारियों के प्रतिष्ठानों व आम नागरिकों के घरों के साथ ही सड़कों पर पानी जमा हो जाता है। लोगों को आवागमन में भी परेशानी होती है। जिससे कुछ राहगीर चोटिल भी हो गये है, और कई प्रकार की बिमारियों से लोग ग्रसित भी हो रहे हैं, यह पानी कई कई महीनो से सड़कों पर जमा है तालाब को कब्जा मुक्त कराने के लिए पूर्व में भी कई बार प्रयास किया गया, लेकिन तालाब कब्जा मुक्त नहीं हो पाया। आम दिनों के साथ ही बरसात के दिनों के पानी की निकासी इस तालाब में होती थी। कस्बे के लोगों के कई बार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।



# मथुराः एक करोड़ की चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

मथुरा( नीरज चतुर्वेदी )। थाना फरह क्षेत्र में हुयी 01 करोड़ की बड़ी चोरी का खुलासा करते हुये पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर इनके पास से 96 लाख रूपसे अधिक की नगदी और अन्य सामान बरामद किया है। चोरी की इस घटना को पीड़ित की संपत्ति किराये पर लेकर स्कूल चलाने वाले व्यक्ति ने ही अंजाम दिया था।

पुलिस लाइन सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पांडेय ने बताया कि ज्ञात रहे कि मुकेश कुमार अग्रवाल पुत्र राधेलाल निवासी कमला नगर आगरा मूल रूप से कस्बा फरह के रहने वाले हैं। कस्बा फरह में स्थित अंजनी नन्दन गैस सर्विस के बगल से स्थित इमारत में मुकेश की दुकान में रखे एक करोड़ रुपयों को चोर तिजोरी काटकर चोरी कर ले गये थे।

उन्होंने बताया कि फरह पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही में लीला उर्फ लीलाधर पुत्र लाल सिंह निवासी मौहल्ला शाही सराय फरह को कल रात चोरी किये हुए रूपयों में से 4 लाख 30 हजार रुपए और चोरी की घटना में प्रयुक्त कटर मशीन सहित गिरफ्तार कर लिया। इसकी निशानदेही पर पुलिस ने कृष्णकांत पुत्र रमेशचंद निवासी गढी पचैरी थाना फरह को आज सुबह आगरा-मथुरा रोड़ भीम नगर की पुलिया से दो बैगों में रखे हुए चोरी किये गये रूपयों में से 92 लाख रुपए, स्कूटी संख्या यूपी 85 बीएक्स 9812 सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा पकड़ा गया कृष्णकान्त फरह कस्बे में ही प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 5 तक न्यू स्मार्ट बचपन प्री स्कूल चलाता है जिसमें लगभग 250 से 300 बच्चे पढते हैं। कृष्णकांत का यह स्कूल मुकेश अग्रवाल के परिसर में ही किराये पर संचालित होता है। कृष्णकांत ने अलग से फरह मंदिर के पीछे अपनी जमीन पर दो करोड़ रुपए की लागत से स्कूल परिसर तैयार कराया जा रहा है।

### तिजोरी नहीं कटी तो, न दिन तक नहीं आयी नींद

तिजोरी काटने में सफल न होने पर कृष्णकांत ने चोरी करने का प्लान कैंसल कर दिया लेकिन तीन रातों तक उसको नींद नहीं आई और सपनो में नोट नजर आते थे। उसने इस दौरान अपने कई मित्रों से ये बात पूछी कि कहीं अवैध रूप से 5 से 7 करोड़ रुपये रखे हों तो क्या करना चाहिये ?

### गिरफ्तारी में यह पुलिस टीम रही शामिल

कस्बा फरह में हुयी एक करोड़ की चोरी का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी फरह कमलेश सिह, निरीक्षक अपराधी मुस्तकीम अली, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुभाष चन्द्र, स्वाट टीम प्रभारी उपनिरीक्षक अभय कुमार, अर्जुन सिंह, नितिन तेवतिया, मनोज कुमार, अमित चौहान, राज वर्मा, रीनू के अलावा पुलिस शामिल थे।

# भोजपुर पुलिस ने अवैध गांजा के साथ एक तस्कर को पकड़ा

*भोजपुर।*रविवार की रात्रि में थाना भोजपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त दिलशाद पुत्र अली अहमद निवासी गनीनगर मझरा शाहपुर थाना भोजपुर को 910 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया । इस सम्बन्ध में अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।





# माता-पिता की सेवा से ही कल्याण है : श्रीव्यास पार्थ

मथुरा( नीरज चतुर्वेदी )। श्रीव्यास पार्थ भाई शास्त्री ने कहा वृंदावन में मानव सेवा ट्रस्ट रजिस्टर्ड मुंबई द्वारा संचालित श्री बृज धाम आश्रम वृंदावन में पावन प्रांगण में परम श्रद्धेय व्यास श्री पार्थ भाई शास्त्री के मुखारविंद से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिवस पर भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन कर बिहारी जी के जयकारे लगाऐ ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष परम पूज्य महामंडलेश्वर 1008 स्वामी श्री अनंतानन्द जी महाराज एवं ट्रस्ट के आज के इस आयोजन एवं कार्यक्रम में महाप्रबंधक श्री निरंजन कुमार ठाकुर द्वारा महापौर के पुत्र अंकुर अग्रवाल का स्वागत सत्कार एवं एमएलसी ठाकुर ओम प्रकाश सिंह, सदस्य पर्यटन एवं संस्कृति परिषद ठां राजेंद्र सिंह समाजसेवी मुरारी ठाकुर , पत्रकार राजकुमार तोमर उपस्थित रहे इस अवसर पर व्यास पीठ पर विराजमान पार्थ भाई शास्त्री जी के द्वारा सभी का स्वागत सम्मान किया गया सभी को मंगल कामना के साथ शुभकामनाएं दी।

# नपा की अस्थायी नल जल योजना का उन्नयन कर उसे व्यारमा नदी से जोड़ने कलेक्टर को आवेदन पत्र दिया

**(जीर्ण शीर्ण चिरईपानी जलाशयद्य अथवा सतधारू योजना पेयजल संकट का स्थायी समाधान नही- सुजात खान)**

दमोह, 24। जून 2024, राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान हिण्डोरिया- नगर परिषद द्वारा लगभग 13 करोड़ की जिस नल जल योजना के व्दारा वर्तमान मे अंग्रेजी शासन काल मे निर्मित जीर्ण शीर्ण वर्षों पुराने चिरईपानी जलाशय एवं सतधारू योजना से अस्थायी एवं वैकल्पिक रूप से दिया जाने वाला पानी हकीकत मे हिण्डोरिया के लोगों की पेयजल समस्या का स्थाई समाधान नहीं है । वास्तव मे नगर के संभ्रांत लोगों की पेयजल की स्थाई पेयजल समस्या के समाधान के लिए नपा की नल जल योजना का उन्नयन कर उसे स्थाई जल स्रोत गाँव इमलिया के पास स्थित व्यारमा नदी से जोड़ा जाना व्यापक जनहित में नितांत आवश्यक है। उक्त आशय का एक आवेदन-सुझाव पत्र सोमवार को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को म.प्र.एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने जिला कलेक्ट्रेट पहुँच कर अपर कलेक्टर मीना मरकाम को दिया गया।

इस बारे मे हिण्डोरिया वार्ड 06 निवासी पूर्व पार्षद प्रतिनिधि एवं समाजसेवी सुजात खान ने बताया कि चिरईपानी जलाशय से संबंध्द किसानों का जबरन सिंचाई का पानी छीनकर हिंडोरिया



के लोगों में पेयजल के रूप में नपा द्वारा 26 जनवरी 2017 से अव्यवस्थित ढंग से वितरण करना एवं अनुबंधित चिरईपानी जलाशय का पानी सूख जाना या सिचाई विभाग व्दारा धोखा देने के बाद सतधारू नलजल योजना से पेयजल हेतु वैकल्पिक पानी प्राप्त करना हिंडोरिया की लगभग 20 हजार की आबादी की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान नहीं है ।वर्तमान मे इन दोनों वैकल्पिक जल स्रोत सतधारू योजना या वर्ष 1911 याने सौ वर्ष से अधिक समय से निर्मित उक्त जीर्ण शीर्ण चिरईपानी तालाब से नागरिकों की पेयजल की स्थायी समस्या का समाधान खोजना या सोचना वास्तव मे सही नही है। श्री खान ने आगे शासन-प्रशासन को सुझाव देते हुये पत्र मे लिखा है कि वर्तमान में नपा की नलजल योजना की पाईप लाईन का लगभग 4-5 किमी तक विस्तार कर उसे ग्राम किला से आगे ग्राम इमलिया के पास के स्थित स्थायी जल स्रोत व्यारमा नदी मे स्टाप डेम बनाकर जोड़ दिया जाये। तो निश्चित ही हमेशा के लिये नगर हिण्डोरिया के लोगों के पेयजल संकट का स्थायी समाधान हो सकता है। क्योंकि यहाँ पूरे वर्ष भर नदी मे पानी उपलब्ध रहता है। श्री खान ने जिला प्रमुख कलेक्टर सुधीर कोचर से इस दिशा मे वर्तमान मे संवेदनशील जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय सांसद, विधायक, हिण्डोरिया नपा परिषद आदि के साथ कलेक्ट्रेट सभा कक्ष मे एक बैठक करने एवं हिण्डोरिया कस्वा की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा मे कदम उठाने की पुरजोर मांग की है।



## ग्राम तिरावली में युवक ने फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त

कुठौंद जालौन !थाना क्षेत्र के गांव तिरावली में 35 वर्षीय युवक मानवेंद्र उर्फ डिप्टी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जिसका शव घर के बाहरी कमरे में रस्सी से लटका मिला। परिजनों के मुताबिक रविवार रात को युवक खाना खा कर सभी परिजनों के साथ सो गया था। लेकिन युवक मानवेन्द्र रात के लगभग एक बजे कमरे चला गया एवं फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त करली। मानवेन्द्र उर्फ़ डिप्टी पुत्र प्राग नारायण द्वारा फांसी की खबर से घर में कोहराम मच गया एवं सभी परिजन विलख उठे। मृतक का बड़ा भाई रामफल आर्मी में है। रामफल की तैनाती कानपुर में थी सूचना प्राप्त होते ही वह भी आ गया !जबकि उसकी पत्नी समुद्री और तीनों लड़के कार्तिक 7 बर्ष आयुष 5 बर्ष अभिमन्यु डेढ़ बर्ष का रो रो कर बुरा हाल है।

# राष्ट्रीय कवि एवं गीतकार आत्म प्रकाश शुक्ल की याद में विराट कवि सम्मेलन

***सब कुछ बिके पर कलम बिक न पाए।* (डॉ ओमपाल सिंह निडर)।**

***चूड़ी वाले कोमल हांथो में तलवार जरूरी है।* (योगिता चौहान)**

*यूपी हैड देवेंद्र शर्मा देवू की कलम से।*

एटा-जनपद एटा के लोकप्रिय कवि एवं गीतकार आत्म प्रकाश शुक्ल की याद को अक्षुण बनाये रखने को उनके प्रिय शिष्य डॉ0राधेश्याम मिश्र और देश के लाड़ले संचालक डॉ शिव ओम अम्बर के अथक प्रयासों के चलते अलीगंज के कॉपरेटिव प्रांगण में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सत्यपाल सिंह राठौर,व अपर आयुक्त भगवान शरण पटेल ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का उद्घाटन किया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ0 ओम पाल सिंह निडर ने की। देश के विभिन्न अंचलों से आये कवि एवं कवित्रिओ ने



अपने अपने गीत छंद गजल सुनाकर श्रोताओं को रातभर भावविभोर कर दिया।ओज के कवि डॉ0ओमपाल सिंह निडर ने ÷ओ साथियों निज धर्म बिक न जाये, सब कुछ बिके पर कलम बिक न जाये÷।अपर आयुक्त भगवान शरण पटेल ने समाज को चेतावनी देते हुए कहा बचा सको तो अभी बचालो बिगड़ रही सन्तान को। वही शरद लंकेश ने माँ पर कविता सुनते हुए कहा इस धरती से उस अम्बर तक माँ का दूध निराला है। वही झारखंड से आई कवयित्री, शोभा किरण ने प्यार जिसे भी हो जाये वो मारा मारा फिरता है, गीत सुनाकर वाह वाही लूटी,डॉ0राधेश्याम मिश्रा ने होती जय जय कार उसी की जो रणभूमि लड़ा होता है,गीत सुनाकर लोगों में जोश भरा।ओज के कवि योगेश चौहान ने वीर रस की कविता सुनाकर लोगों के रोंगटे खड़े कर दिए।हास्य के कवि पदम अलबेला,ने अपनी लोकप्रिय कविता,घर का नाम चमेली सब कहते हैं अलबेली,और क्या कहते हो कि मुझ में कॉन्फिडेंस नहीं है, कविता सुनाकर लोगों को खूब हंसाया।राकेश ने सुबह तमाशा शाम तमाशा आठों पहर तमाशा गजल सुनाई,कवयित्री योगिता चौहान ने चूड़ी वाले कोमल हांथो में तलवार जरूरी है,के साथ साथ नदिया से मिलने को कभी सागर नहीं गया गीत सुनाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।इसके अलावा,अमिता, राधा शाक्या,आदि कवियों ने गीत गजल सुनाकर लोगों को साहित्य का बोध कराया।कवि सम्मेलन के दरमियान कवयित्री शोभा किरण द्वारा लिखित पुस्तक इनायत गजल संग्रह का क्षेत्रीय विधायक सत्यपाल सिंह राठौर द्वारा विमोचन किया गया।कार्यक्रम में आये सभी कवियों का माल्यार्पण कर शॉल ओढ़ाकर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।साथ ही कवि सम्मेलन में उपस्थित पत्रकार देवेंद्र शर्मा,देवू, अजय चौहान,राकेश सक्सेना,को शॉल ओढ़ाकर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के आयोजक जितेंद्र सिंह,व राघवेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर आत्म प्रकाश शुक्ल की बेटी प्रमुख समाज सेविका मंजू मिश्रा,संजय मिश्रा, सूर्यकांत शुक्ल बड़े लला,मोंटी,नन्दनी, सुभाष गुप्ता,सूर्यकांत गुप्ता, गिरीश श्रीवास्तव, दिनेश सिंह,बिट्टू,सोनू, आदि के अलावा मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# बलिदान दिवस पर भाजपा कार्य कर्ताओ ने दी डॉ. श्यामा प्रसाद को श्रद्धांजलि

देनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो

देवीलाल कुशवाह राजगढ़
9630152532

संडावता- भारतीय जनता पार्टी ने बलिदान दिवस के अवसर पर डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। रविवार को संडावता भाजपा के चारों बूथों का आयोजन कुशवाह समाज समुदायिक परिसर मै पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी जिसमें कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। जिसमे भाजपा जिला मंत्री एवं सांसद प्रति निधि जगदीश नागर ने कहा कि संसार में ऐसे कम लोग हैं जिन्होंने जीवन के केवल



52 साल के अंतिम 14 साल राजनीति में बिताए हों और इसी अल्पावधि में वे महानतम ऊँचाई को छूकर इतिहास में अमर हो गए हों। ऐसे ही थे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी। देश की एकता को लेकर उन्होंने एक देशए एक निशान एक विधान का नारा दिया था। उन्होनें कहा कि उनके विचार और लोगों के प्रति उनके सेवा की इच्छाशक्ति हमें प्रेरणा देती रहेंगी, राष्ट्र की एकता के लिए उनके द्वारा किये गए प्रयासों को भुलाया नहीं जाएगा। वरीष्ठ नेता पूर्व सरपंच पति यश्वन्त राव मोरे

ने कहा कि महान राष्ट्रवादी नेता व चिंतक जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष एक देश मे दो निशान दो प्रधान दो विधान नहीं चलेंगे का नारा देने वाले और देश की एकता और अखंडता हेतु अपने प्राणो का उत्सर्ग करने वाले श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए संडावता सरपंच प्रतिनिधि युवा भाजपा नेता अजय पालीवाल ने मुखर्जी की राष्ट्र वादी नीतियों को लेकर ततकालीन कांग्रेस सरकार की देश विरोधी नीतियों को लेकर विरोध जताया था उन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नगर के सभी बूथों का सामूहिक कार्यक्रम कार्यकर्ताओं द्वारा सभा आयोजित कर डॉ मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी गयी और उनके विचारों पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष देवीलाल कुशवाह,वरीष्ठ ग्राम पटेल देवीसिंह कुशवाह, अनुसूचित जन जाती मोर्चा मंडल अध्यक्ष पिंटू भिलाला युवा कार्य करता पवन भिलाला अनुसूचित से वरीष्ठ कार्य करता गोपाल वर्मा, कार्यकरता लखन कुशवाह आदि सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विश्व शान्ति के लिए समर्पित अद्भुत योगी हैं मित्रवर रजदास - प्रो. अनिल सिंह




सीधी।

विश्व शान्ति समन्वय तीर्थ ज्योतिकुन्ज कटरा के तत्वावधान में आयोजित पुस्तक विमोचन एवं ज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रणबांकुर तथागत द्वारा लिखित पुस्तक मैत्रेय का विमोचन प्रो.अनिल सिंह प्राध्यापक अंग्रेजी संजय गांधी महाविद्यालय सीधी में मुख्य आतिथ्य एवं चन्द्रमोहन गुप्त, प्रो. आई.पी.प्रजापति, विनय सिंह बीनू, राकेश जायसवाल के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संगीतमय ज्ञान संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

मैत्रेय पुस्तक के विमोचन के अवसर पर प्रो. अनिल सिंह ने कहा यह समन्वय मिशन किसी समाज, क्षेत्र या व्यक्ति विशेष के लिए नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व का शांति के लिए है। यह एक बहुत बड़ी सोच लेकर चलने वाला मिशन है। आज सम्पूर्ण विश्व में हाहाकार मचा हुआ है, धर्म, जाति, लिंग, भाषा के आधार पर दंगे हो रहे हैं। ये धरती कभी भी दिव्य पुरुषों से खाली नहीं रही है, वे हमेशा संतुलन बनाने, विश्व में प्रेम व करुणा बांटने के लिए आते रहे हैं। मित्रवर रजदास जी भी उसी क्रम के संवाहक हैं, उसी क्रम के परिचय है, उसी क्रम के बुद्ध हैं। परन्तु इस राह पर चलना बहुत कठिन है, मौजूदा समय स्वार्थपरता, उन्माद व द्वन्द्व का है। ऐसे कठोर समय में प्रेम, करुणा व विश्व शान्ति की बहुत आवश्यकता है। मित्रवर रजदास ने अपने कठोर तप द्वारा विश्व शांति व समन्वय के नवीन सूत्र.सिद्धांत दिये हैं, जिनका हमें अनुकरण करना चाहिए।

राकेश जायसवाल ने कहा बुद्ध से लेकर अभी तक बहुत सारे महामानवों ने विश्व शान्ति के लिए अपना अतुलनीय योगदान दिया है जिसमें में आज के दौर में यह समन्वय मिशन अपने साहित्यों एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से उसी भूमिका को निभा रहा है। चन्द्रमोहन गुप्त ने कहा रणबांकुर तथागत हमेशा से समाजसेवा के क्षेत्र से जुडे रहे हैं, इन्होंने कई संगठनों के साथ मिलकर समाजसेवा का कार्य किया है और आज अपने साहित्य के माध्यम से इतनी उम्र होने के बाजवूद भी सेवा कार्य में लगे हैं, बधाई के पात्र हैं।

उक्ताशय की जानकारी ज्योतिकुन्ज कटरा के मीडिया प्रभारी एवं ट्रस्टी शिवकुमार ने दी। साथ ही उन्होंने सभी अतिथियों को आभार ज्ञापित किया तथा इस तरह से विश्व शान्ति के लिए आयोजित कार्यक्रमों में बढ़.चढ़कर सहभागिता लेने के लिए अपील की।

# पुलिस अधीक्षक ने चलाया नशामुक्ति अभियान

## एक लाख रूपए के मादक पदार्थ जप्त, पॉच आरोपी हुए गिरफ्तार






सीधी।

पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में नशामुक्ति अभियान के तहत जिले भर में जन जागरूकता कार्यक्रम के साथ साथ अवैध मादक प्रदार्थो एवं अवैध शराब के परिवहन भण्डारण एवं विक्रय करने वालो एवं सार्वजनिक स्थलो पर इसके सेवन करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत 6 अलग.अलग मामलो में कार्यवाही करते हुये 3.920 किग्रा. गांजा एवं 40 नग आनरेक्स कफ सिरफ कुल कीमत 46,000 रूपए जप्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं आबकारी के मामले 54 लीटर देशी प्लेन शराब मय परिवहन मे प्रयुक्त मोटर सायकल कुल कीमती 58 हजार के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर बताया गया कि थाना प्रभारी मझौली उनि दीपक बघेल द्वारा मुखविर सूचना के आधार पर आरोपी शिवेन्द्र उर्फ सिब्बू से मिश्रा पिता सोहनलाल मिश्रा निवासी डांगा थाना मझौली से 13 हजार रूपये कीमती 1.3 किलोग्राम गांजा, अनिल साहू पिता रामपाल साहू निवासी पोंड़ी थाना मझौली से 15 हजार रूपये कीमती 1.5 किलोग्राम गांजा एवं आरोपी विकास सिंह चंदेल पिता गजराज सिंह चंदेल निवासी बीआरसी स्कूल के पास मझौली थाना मझौली से 6800 रूपये कीमती 40 नग आनरेक्स कफ सिरफ जप्त कर तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 5/13 म.प्र. ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम एवं एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20;बी, 21, 22 का अपराध कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया। वही थाना प्रभारी कोतवाली एवं बहरी द्वारा क्रमशः 750 एवं 370 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 11200 जप्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 20बी का अपराध कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया।

### आबकारी की कार्यवाही.

थाना प्रभारी मझौली उनि दीपक बघेल द्वारा मुखविर सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये ग्राम तिलवारी महान ढावा के पास आरोपी धर्मराज साहू पिता छोटेलाल साहू उम्र 30 वर्ष एवं वृंदावन साहू पिता रामाधार साहू उम्र 42 वर्ष निवासी खड्डी खुर्द थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी से 54 लीटर देशी प्लेन मदिरा कीमती 18 हजार एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमती 40 हजार कुल कीमती 58 हजार जप्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34, 2 के तहत अपराध कायम कर आरोपियां को गिरफ्तार कर विवेचना में लिया गया है।

### पुलिस अधीक्षक ने आमजनो से की अपील –

डॉ. रविन्द्र वर्मा पुलिस अधीक्षक ने आमजनो से अपील करते हुए कहें कि नशा व्यक्ति के शारिरिक और मानसिक पतन का एक मुख्य कारण है। नशे के कारोबार को ध्वस्त व खत्म करने के लिए और जो नशे का आदी हैं, उसके उपचार में भी अभियान के तहत कार्य होंगे। किसी व्यक्ति के परिवार में या रिस्तेदारी में अगर नशे के आदी व्यक्ति हैं या फिर आपके आस पास कोई नशीली सामग्री बेचता है तो पुलिस द्वारा जारी हेल्पलाईन नंबर पर सूचित कर सकते है।

# ग्राम पंचायत भनमारी में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लामबंद हुए ग्रामींण





### सरपंच सचिव पर लगे गंभीर आरोप

सीधी।

बहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भनमारी में लगातार हो रहे भ्रस्टाचार एवं गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्यो को लेकर काफी ग्रामींण आक्रोशित नजर आ रहे हैं। ग्रामींणो का आरोप है कि आपसी मिलीभगत के चलते यहाॅ भ्रष्टाचार चरम पर चल रहा है। जिसकी कई बार शिकायत के बाद भी विधिक कार्रवाई का अभाव बना हुआ है। ऐसे में अब न्याय न मिलने की स्थिती में सभी ग्रामींण विधि अनुरूप प्राप्त शक्तियों के तहत धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन का रूख अपनाया जायेगा। साथ ही हो रहे घटिया निर्माण कार्यो के निरीक्षण हेतु पदस्थ जॉच अधिकारी को भी नियमन दण्डित कराये जाने हेतु विशेष रणनीति बन चुकी है, जिसे जल्द ही अमली जामा पहनाया जायेगा।

ग्रामींणो ने आरोप लगाया है कि पंचायत सरपंच और सचिव के द्वारा एक ही निर्माण कार्य को अलग अलग कार्य दिखाकर राशि का आहरण किया गया, जो की बिल्कुल अनुचित है। पिछले पंचायत के कार्यकाल 2018/19 में विनोद द्विवेदी की आराजी नम्बर 146 में डेवरी का निर्माण कार्य किया गया था। जिसे वर्तमान सरपंच और सचिव के द्वारा खेत तालाब बताकर उसी डेवरी के कार्य को दिखाकर अवैध तरीके से राशि का आहरण किया गया। जानकारी मिलने पर विनोद द्विवेदी द्वारा की गई शिकायत को सरपंच और सचिव के द्वारा शिकायत 181 को सहायक उपयंत्री से साठ गांठ करके फोर्स क्लोज कराया गया। ग्राम पंचायत भनमारी वर्तमान में बदरडेबा नाला में चल रहे नए निर्माण कार्य डेम गुणवत्ता का जरा सा भी ध्यान नही रखा गया है। हो रहे निर्माण कार्य की अधिकतम आयु केवल एक वर्षा ऋतु बताई जा रही है। लगभग 15लाख रूपए स्वीकृत डैम में सिर्फ भप्पी डाल कर मजबूती देने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामींणो ने समाचार माध्यम से कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कर त्वरित रूप से जॉच एंव दोषियों को सजा दिलाने की अपील की है।

### शिक्षाविद लाला राम का निधन

सीधी । भारत स्काउट एवं गाइड के जिला काउंसलर डॉक्टर शास्त्री प्रसाद मिश्रा के पिता जाने वाले शिक्षाविद पंडित लालाराम मिश्रा के निधन पर भारत स्काउट एवं गाइड ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। स्वर्गीय पंडित श्री मिश्रा 18 जून को 101 वर्ष की उम्र में हंसते.हंसते इस लोग को अलविदा कहा। उनके निधन पर भारत स्काउट एवं गाइड के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मणि दुबे, जिला प्रशिक्षण आयुक्त राकेश रतन पांडे, जिला सचिव हरिशंकर पांडे, स्काउट मनीष गुप्ता ने उनके गृह ग्राम मझरेठी कोठार पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# नवनिर्वाचित सांसद ने लोकसभा के प्रथम दिवस संसद की कार्यवाही में लिया भाग

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत को विकसित और शक्तिशाली राष्ट्र बनाएंगे – डॉ.राजेश



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन पहुंचकर संसद को प्रणाम करते हुए प्रवेश किया और 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए लोकसभा की कार्यवाही के हिस्सा बने।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि इसके पश्चात नवनिर्वाचित सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए आगामी 5 वर्षों तक सतत रूप से कार्य करते रहेंगे। इसके साथ ही सीधी लोकसभा संसदीय क्षेत्र को विकास का मॉडल बनाएंगे। लोकसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित करने के लिए नवनिर्वाचित सांसद डॉक्टर मिश्रा ने एक बार पुनः सीधी लोकसभा की जनता जनार्दन का आभार व्यापित किया है।

# बच्चों को श्रमिकों के रूप में रखने पर होगी दंडात्मक कार्यवाही - कलेक्टर

सीधी

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के समेकित बाल संरक्षण योजना मिशन वात्सल्य के अंतर्गत योजना की निगरानी, समीक्षा एवं बच्चों के संरक्षण से संबंधित विषयों पर जिले में कार्यवाही किये जाने हेतु गठित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में बाल श्रम उन्नमूलन के लिये श्रम विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर जिले को बाल श्रम मुक्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बालकों को श्रमिक के रूप में नियोजित करने वाले संस्थानों व व्यक्तियों के विरूद्ध बालश्रम प्रतिषेध और विनिमय अधिनियम 1986 एवं किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम 2015 के अधीन प्रकरण दर्ज कर दंडात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को श्रमिकों के रूप में नियोजित करने वाले दुकानों प्रतिष्ठानों एवं व्यक्तियों के विरूद्ध किशोर न्याय अधिनियम व बालश्रम प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

कलेक्टर द्वारा बच्चों का उत्पीड़न रोकने हेतु समस्त शासकीय/अशासकीय विद्यालयों एवं छात्रावासों के शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के पुलिस चरित्र सत्यापन कराये जाने एवं संबंधित विद्यालय प्रमुख से इस आशय का प्रमाण पत्र लिये जाने के लिये निर्देशित किया गया कि उक्त विद्यालय अथवा छात्रावास में ऐसा कोई भी कर्मचारी कार्यरत नहीं है जिसके विरूद्ध लैंगिक उत्पीड़न एवं बाल अधिकारों के हनन का कोई मामला पंजीकृत या लंबित है अथवा दोष सिद्ध किया गया है। बैठक में कलेक्टर द्वारा शिक्षा विभाग एवं राज्य शिक्षा केंद्र को निर्देशित किया गया कि स्कूल चले अभियान एवं शिक्षा विभाग द्वारा संचालित अन्य अभियानों के साथ ही विद्यालयों में बच्चों को गुडटच बैडटच व लैंगिक उत्पीड़न से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाये एवं सभी शिक्षक बच्चों के व्यवहार पर ध्यान दें यदि कोई भी बच्चा अपने मूल व्यवहार से इतर अन्य तरह का व्यवहार यथा उदास रहना, विद्यालय के क्रियाकलापों में भाग न लेना या चिड़चिड़ा व्यवहार करता है तो तुरंत ही उस बच्चे की काउंसलिंग की जाये एवं उसके माता-पिता से बात करें।

कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त शासकीय अशासकीय विद्यालयों में लगाये गये विद्यालय वाहनों एवं ऐसे वाहनों जिनसे विद्यालय मे बच्चों को लाने ले जाने का कार्य किया जाता है, उक्त सभी वाहनों का सुरक्षा ऑडिट किया जाये। उक्त सभी वाहन में बच्चों के परिवहन हेतु आवश्यक फिटनेस प्रमाण पत्र हो। वाहन की खिड़की में जाली लगी हो, आपातकालीन खिड़की, वाहन के अंदर सीसीटीव्ही कैमरा व पैनिक बटन, अग्नि सुरक्षा उपकरण लगा हो व वाहन चालक एवं परिचालक का पुलिस चरित्र सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाये।



# प्रतिभाशाली बच्चों को आचार्य विद्याभूषण सन्मतिसागर अवार्ड वितरित संपन्न हुआ

*अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट*

मुरैना।? सन्मति फाउंडेशन संस्था द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को आचार्य विद्याभूषण सन्मति सागर अवार्ड वितरित किए गए ।

सन्मति फाउंडेशन के संस्थापक शिरोमणी संरक्षक महेंद्रकुमार जैन मधुवन द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार विगत दिवस सन्मति फाउंडेशन के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आर्चिड ग्रैंड दिल्ली में भव्य समारोह के दौरान मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद माननीय नवीन जी जैन आगरा एवम इंजीनियर पवन जी जैन पीएस होटल शिवपुरी ने अनन्या जैन लक्ष्मी नगर, पलक जैन हिंडोनसिटी, अनुष्का जैन गाजियाबाद, रिद्धी जैन दिल्ली, निष्का जैन नोएडा, अंकित जैन राजाखेड़ा को आचार्य श्री सन्मति सागर अवार्ड के तहत स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, धनराशि का चैक आदि देकर सम्मानित किया । सन्मति फाउंडेसन के अध्यक्ष अनिलकुमार जैन एवम महामंत्री नबीनकुमार जैन ने जानकारी देते हुये बताया कि छात्र छात्राओं को अवार्ड की राशि के चैक राजेंद्र कुमार जैन नोएडा एवम अनिलकुमार जैन नोएडा द्वारा प्रदान किए गए । समारोह में दीप प्रज्वलन इंजीनियर भूपेंद्र जैन ग्रीनपार्क, अजीत








जैन सफदरजंग, सीए विमल जैन मयूर विहार, सुनील जैन मोना जनरेटर, जिनेंद्र प्रभु के चित्र का अनावरण अजय जैन साउथ एक्सटेंशन, सुदीप जैन गुरुग्राम, सुरेश जैन साउथ एक्सटेंशन, आचार्य श्री के चित्र का अनावरण सुरेश जैन द्वारिका, राजीव जैन जनकपुरी, दिवस जैन अलंकार प्रकाशन, मनोज जैन करोलबाग, जिनवाणी स्थापना मुन्नी जैन मधुवन, शशी कमलेश जैन नायक गुरुग्राम, जहान्वी जैन खेलगांव द्वारा की गई । कार्यक्रम के शुभारंभ में सन्मति फाउंडेसन की महिला ट्रस्टियों द्वारा अथिति स्वागत गान प्रस्तुत किया गया बालिकाओं द्वारा भक्तिमय नृत्य किए गए । कार्यक्रम के मध्य कोटा से पधारे सीए अजय जैन द्वारा अपनी सुमधुर आवाज में प्रस्तुत किए गए गीतों पर सभी लोग मंत्र मुग्ध होकर झूम उठे । संस्था के महामंत्री नवीन जैन ने सन्मति फाउंडेसन की वार्षिक रिपोर्ट पेश की । सन्मति फाउंडेसन की ओर से मुख्य अथिति राज्यसभा सांसद श्री नवीन जैन आगरा, इंजीनियर पवन जैन पीएस शिवपुरी, अथिति मनोज जैन नायक मुरैना, संस्था के शिरोमणी संरक्षक महेंद्र जैन मधुवन, अशोक जैन वर्धमान जनरेटर का प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, शॉल, श्रीफल आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

समारोह में मंच संचालन कुशल मंच संचालिका कोकिल कंठ श्रीमती नीरू जैन गणेशनगर ने किया । कार्यक्रम के समापन पर सभी के वात्सल्य भोज की व्यवस्था रखी गई थी ।

# पोलियो की पहली खुराक पिलाकर टीकाकरण अभियान का शुभारंभ, क्षेत्रीय विधायक एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष ने सिविल हॉस्पिटल पहुंच कर बढ़ाया हौसला



सबलगढ़ राष्ट्रीय कार्यक्रम पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत सिविल अस्पताल से 265 पोलियो बूथ टीमों को रवाना किया गया। इस अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष के 27000 बच्चों को पोलियो की खुराक 23 जून से 25 जून तक पिलाई जाना है। बीएमओ डॉ राजेश शर्मा ने क्षेत्रीय विधायक सरला रावत एवं जनपद अध्यक्ष सुनीता रावत से बच्चों को पोलियो की पहली खुराक पिलवाई गई। रविवार को सुबह 9~00 बजे से 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का अभियान 265 पोलियो बूथ केंद्रों पर शुरू किया गया। पोलियो मुक्त भारत अभियान में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सरला रावत एवं जनपद अध्यक्ष सुनीता रावत से पोलियो की पहली खुराक पिलाया जाकर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया गया।जिसका उद्देश्य पोलियो की दवा पिलाकर हर बच्चे को सुरक्षा के घेरे में लाया जाना है। 23 जून को पहले दिन पोलियो की दवा प्रत्येक बूथ केंद्र पर पिलाई जाएगी। 24 व 25 जून को छूटे हुए बच्चों को घर घर जाकर दवाई पिलाना है। अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य महकमा ने पूरे ब्लॉक में बनाए गए टीकाकरण बूथ केंद्र में नर्सिंग स्टाफ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिनों की ड्यूटी लगाई गई है। बीएमओ ने इसके लिए मैदानी स्वास्थ्य अमला को भी सक्रीय कर दिया है। लक्ष्य के अनुरूप प्रत्येक बच्चे को दवा का सेवन कराया जाए। कोई भी बच्चा किसी भी स्थिति में नहीं छूटने पाए। इसलिए जरूरी पोलियो की दवा पिलाना। भारत पहले ही पोलियो मुक्त राष्ट्र बन चुका है। लेकिन इसके बाद भी पाकिस्तान और बांग्लादेश में बड़े पैमाने में पोलियों की मामले सामने आ रही है उनके माइग्रेट होने की आशंका को दरकिनार नहीं किया जा सकता पोलियो मुक्त होने के बाद भी एकदम मामले पुलियों के सामने आ चुके हैं ऐसे में पोलियो की हर आशंका को दूर करने के लिए समय-समय पर पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है ताकि देश की भावी पीढ़ी को इस गंभीर बीमारी से मुक्त रखा जा सके। कार्यक्रम में कौन-कौन रहा शामिल। डॉ बृजेश गोयल,डॉ के के दंडोतिया बाल रोग चिकित्सक,डॉ शरद शर्मा सर्जन, लोकेंद्र कुशवाहा, गिर्राज गुप्ता,लोकेंद्र जाटोला, नरोत्तम गौड़,स्टाफ नर्स नर्स सुचिता कुशवाह,सुनीता राठौर,शिवा राजू,गिरिजा रजक,तृप्ति मेसराम,शशि परमार इत्यादि।

## धर्म गुरु किरन दद्दा ने ग्राम अखदेवा में चल रही रामलीला में पहुंचकर किया,41 हजार का दान

**दैनिक कैसरिया हिन्दुस्तान/रिपोर्टर**

**संतोष सिहं चौहान मो, 8889486368**

मिहोना के वरिष्ठ समाज सेवी धर्म गुरु माननीय किरन दददा जी लहार विधानसभा के ग्राम अखदेवा में चल रहे रामलीला महोत्सव में पहुंचे और उन्होंने भगवान राम की आरती कर रामलीला आयोजक कमेटी को 41000 रुपए का दान दिया साथ ही सभी दर्शकों ग्राम वासियों



को संबोधित करते हुए किरन दददा जी ने कहा की हम सभी को धार्मिक कार्य हो या सामाजिक कार्य बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए कोई भी धार्मिक कार्य या सामाजिक कार्य या गरीब बेटी का विवाह हो मुझे जो बुलाता है मैं सहयोग करता हूं आगे भी जब तक जीवन है तब तक ऐसे ही कार्य करते रहेंगे किरन दद्दा जी ने युवाओं से नशे से दूर रहने की भी अपील की आयोजन समिति के योगेंद्र दुवे (सरपंच) एवं सभी गांव वासियों ने किरन दद्दा जी का फूल मालाओं शॉल श्री फल से जोरदार स्वागत किया

# माता-पिता की सेवा और भक्ति करने से बड़ा कोई भी पुण्य कार्य नहीं होता है संत पंडित विष्णु चेतन महाराज

**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट***

पोरसा,,,,,,,,,,,, माता-पिता की सेवा करने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं होता है भगवान की सेवा से भी बड़ी पूजा सेवा माता पिता की होती है जो माता-पिता की सेवा व पूजा करते हैं उन्हें स्वर्ग के सारे सुख इस धरती पर ही प्राप्त हो जाते हैं संत पंडित विष्णु चेतन जी महाराज,,,,

शांति धाम हनुमान टेकरी ग्राम रायचंद का पुरा ओरेठी में महंत राममोहन दास महाराज एवं समस्त क्षेत्र एवं ग्राम वासियों के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में आज संत पंडित विष्णु चेतन महाराज जी पितृ भक्ति के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इस धरती पर पांच यज्ञ अनुष्ठान है जिसमें माता-पिता की पूजा करना,, पति की सेवा करना,,सबके प्रति समान भाव रखना,,, मित्रों से द्रोह न करना और भगवान विष्णु का भजन करना यह पांच महायज्ञ है पहले माता-पिता की पूजा करके मनुष्य जिस धर्म का साधन करता है वह इस पृथ्वी परर सैकड़ों यज्ञों तथा तीर्थ यात्रा आदि के द्वारा भी दुर्लभ है पिता धर्म है, पिता स्वर्ग है, और पिता ही सर्वोत्कृष्ट तपस्या है , पिता के प्रसन्न हो जाने पर संपूर्ण देवता प्रसन्न हो जाते हैं,, जिसकी सेवा और सद्गुणों से पिता माता संतुष्ट रहते हैं उसे पुत्र को प्रतिदिन गंगा स्नान का फल मिलता है,, माता सर्वतीर्थमयी है और पिता संपूर्ण देवताओं का स्वरूप है ,इसलिए सब प्रकार से यत्नपूर्वक माता-पिता का पूजन करना चाहिए ,,जो माता-पिता की पिता की प्रदक्षिणा करता है उसके द्वारा सातों दीपों से युक्त समूची पृथ्वी की परिक्रमा हो जाती है,, माता-पिता को प्रणाम करते समय जिसके हाथ घुटने और मस्तक पृथ्वी पर टिकते हैं वह अक्षय स्वर्ण को प्राप्त होता है, जब तक माता-पिता के चरणों की राज पुत्र मस्तक और शरीर में लगाती रहती है तभी तक वह शुद्ध रहता है ,,,जो पुत्र माता-पिता के चरण कमल का जल पिता है उसके करोड़ों जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं,, वह मनुष्य संसार में धन्य है ,,,जो नीच पुरुष माता-पिता की आज्ञा का उल्लंघन करता है वह महा प्रलय पर्यन्त नरक में निवास करता है,,,,,,,कथा की व्यवस्थाएं सभी क्षेत्र एवं ग्राम वासियों ने देखी



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई

## लहार मंडल ने नगर के सरयू गार्डन में मनाया श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

**दैनिक कैसरिया हिन्दुस्तान/रिपोर्टर**
**संतोष सिहं चौहान मो, 8889486368**

भारतीय जनता पार्टी लहार मण्डल के कार्यकर्ताओं ने नगर के सरयू गार्डन में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष सुभाष अग्निहोत्री ने कहा कि भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए उन्होंने जो अभियान शुरू किया, जिसके लिए उन्हें अपने प्राणों को त्यागना पड़ा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करके साकार हो रहा है डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन एक विचारधारा के लिए समर्पित रहा





और वहीं भाजपा नेता राकेश महाते ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन एक देशभक्त, शिक्षाविद और सामाजिक न्याय दिलाने वाले नेता के रूप में हम सब जानते हैं। डॉ मुख़र्जी निम भारती की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया, हम सभी को उनके जीवन तथा कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए इस मौके पर कार्यक्रम का सफल संचालन मण्डल के मंत्री बाबूलाल टेगौर ने किया एवम कार्यक्रम को बरिष्ठ भाजपा नेता बलिकराम भण्डा,बच्चू लाल बिस्वकर्मा,मास्टर,बिकास बिरथरे,संजीव चौधरी पत्रकार, नीलम शर्मा,मीडिया प्रभारी योगेंद्र बघेल,धर्मेंद्र कुशवाह ने भी संबोधित किया एवम आभार प्रदर्शन एडवोकेट विनय झा ने किया और मुखर्जी जी के जीवन पर प्रकाश डाला इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुन्ना शुक्ला,विनय झा,अबधेश दीक्षित,पवन बघेल,रामस्नेही गुप्ता,कृपाल बघेल,कमलेश राठौर,देवेंद्र कुशवाह,अखिलेश कुशवाह,अरफाज खान,मुंसी सरपंच भटपुरा,रोहित त्रिपाठी भटपुरा,श्याम ब्यास,छोटू शुक्ला,अन्नू त्रिपाठी,रविन्द्र पाराशर,दिलीप दुबे,कल्लू पाराशर,मनोज दूरवार,सुमित दोदेरिया, सुयस उपाध्याय, तन्मय पाराशर,विशाल चोरसिया,मुनेश बघेल,रामकुमार राठौर,हरनारायण बघेल आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।

# सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को अभियान चलाकर निराकृत करायें - कलेक्टर

**सीधी**

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वह अपने विभाग से संबंधित शिकायतों की नियमित समीक्षा करेंगे तथा शिकायतों की संख्या के आधार पर प्रतिदिन शिकायतों के निराकरण का लक्ष्य निर्धारित करते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएंगे। कोई भी शिकायत अन-अटेंडेड नहीं रहे तथा निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यूनतम हो। उन्होंने विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेने तथा शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हमें सीएम हेल्पलाइन में दर्ज लंबित शिकायतों का शतप्रतिशत निराकरण करना है। सीएम हेल्पलाइन में बजट संबंधी कारणों, नीतिगत कारणों या सिविल अथवा उच्च न्यायालयों में प्रकरण लंबित होने जैसे कारणों से लंबित शिकायतों को छोड़कर शेष सभी प्रकार की लंबित शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार जनसुनवाई में प्राप्त समस्याओं तथा समय-सीमा पत्रों में निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने विधानसभा प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समयावधि में प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने शत प्रतिशत हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले में संचालित शून्य शक्ति अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि अभियान की मॉनिटरिंग संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करेंगें।



शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं विशेषकर सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को अभियान की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सेक्टर अधिकारियों को शासन की सभी योजनाओं की प्रगति पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग को निर्देशित किया है कि ओवर लोड वाहनों से खराब होने वाली सड़कों की सूची तैयार कर आरटीओ को उपलब्ध कराये। परिवहन विभाग प्राथमिकता पर ऐसे मार्गों में चल रहे ओवर लोड वाहनों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करेगा। कलेक्टर ने आबकारी विभाग को जिले में हो रहे शराब की अवैध बिक्री पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल प्रशांत त्रिपाठी, कुसमी एस.पी. मिश्रा, मझौली आर.पी. त्रिपाठी, चुरहट शैलेष द्विवेदी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंगारकी चतुर्थी आज, व्रत करने से मंगलदोष दूर होते है

अंगारकी चतुर्थी 25 जून, मंगलवार को मनाई जाएगी।

ज्योतिषाचार्य सुनील चोपड़ा ने बताया कि यह एक महत्वपूर्ण त्योहार है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा की जाती है, जिन्हें बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य का देवता माना जाता है। ÷अंगारकी÷ शब्द संस्कृत के ÷अंगारक÷ शब्द से निकला है, जिसका अर्थ है मंगल ग्रह। मान्यता है कि इस दिन भगवान गणेश की पूजा करने से मंगल प्रसन्न होते हैं और जीवन में सौभाग्य, समृद्धि प्राप्त होती है और बाधाएं दूर होती हैं।



पौराणिक मान्यता है कि मंगल देव ने भगवान गणेश की कठोर तपस्या कर उन्हें प्रसन्न किया था, जिससे मंगलवार को पड़ने वाली चतुर्थी का नाम अंगारकी चतुर्थी पड़ा। इस दिन भगवान गणेश की पूजा करने से ऋण मुक्ति मिलती है। इसके अलावा, इस शुभ दिन भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। अंगारकी चतुर्थी का व्रत रखने से मंगल दोष भी दूर होता है और एक संतुष्ट एवं शांतिपूर्ण जीवन मिलता है।

*अंगारक चतुर्थी शुभ योग-मुहूर्त*

25 जून को मिथुन राशि में सूर्य और बुध एक साथ रहेंगे, जिससे बुधादित्य नाम का शुभ योग बनेगा। इस दिन सुबह-सुबह कुछ देर के लिए सर्वार्थसिद्धि नाम का शुभ योग भी रहेगा, जिसका प्रभाव पूरे दिन माना जाएगा। इस दिन चंद्रोदय रात 10.14 पर होगा।

*अंगारकी चतुर्थी व्रत के नियम*

अंगारकी चतुर्थी का व्रत प्रत्येक मंगलवार को पड़ने वाली संकष्टी चतुर्थी के दिन किया जाता है। यह व्रत भगवान गणेश और मंगल देव की कृपा पाने के लिए किया जाता है।

व्रत के दिन प्रातः काल सूर्योदय से पूर्व उठकर स्नान आदि नित्य क्रिया से निवृत्त होकर स्वच्छ लाल रंग के वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है।

पूजा में गणेश जी के साथ माता दुर्गा की प्रतिमा या तस्वीर अवश्य रखनी चाहिए। गणेश जी को दूध से स्नान कराना, सिंदूर मिश्रित घी चढ़ाना, चांदी का वर्क और जनेऊ अर्पित करना चाहिए चाहिए।

गणेश जी को लड्डू का भोग लगाना, फल, पान-सुपारी आदि चढ़ाना चाहिए। गणेश अथर्वशीर्ष का पाठ करके आरती करनी चाहिए।

दिन में फलाहार का सेवन किया जा सकता है। सेंधा नमक का सेवन नहीं करना चाहिए। संध्या समय गणेश जी की पूजा करके अंगारकी चतुर्थी की कथा सुननी या सुनानी चाहिए।

मंगल दोष को दूर करने के लिए अंगारकी चतुर्थी तिथि पर मसूर दाल, साबुत मूंग, शहद, हरे रंग का वस्त्र, हरी सब्जियां आदि चीजों का दान करें।

# फ्री शिक्षा, फ्री चिकित्सा ही मेरा लक्ष्यः किशन चौधरी

## केएमयू के कुलाधिपति को लीजेंड ऑफ यूपी के अवार्ड से किया गया सम्मानित

मथुरा(नीरज चतुर्वेदी)। वृंदावन के रूक्मिणी बिहार के एक होटल में ''लीजेंड ऑफ यूपी'' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस समारोह में केएम विश्वविद्यालय के चांसलर किशन चौधरी को लीजेंड ऑफ यूपी के अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के केबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, सांसद हेमा मालिनी, केन्द्रीय मंत्री एसपी बघेल, कथावाचक अनिरुद्ध आचार्य सहित कई धर्मगुरू शामिल हुए।

विदित रहे कि ÷लीजेंड ऑफ उत्तर प्रदेश÷ के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मथुरा और उससे आगे उत्कृष्ट लोगों के बीच गर्व और एकता की भावना को प्रेरित करना है, जिससे उत्तर प्रदेश को एक राज्य बनाने में उनकी भूमिका को मजबूत किया जा सके। इसी को लेकर वृंदावन के रूक्मिणी बिहार स्थित एक होटल में लीजेंड आफ उत्तर प्रदेश का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन केबिनेट मंत्री, केन्द्रीय मंत्री तथा स्थानीय सांसद ने किया। इसके बाद सम्मान समारोह में मथुरा की प्रमुख हस्तियां, जिनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किया, उपस्थित रहे। केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी को लीजेंड ऑफ उत्तर प्रदेश अवार्ड से सम्मानित किया गया।

शिक्षा को लेकर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा कि 2002 शिक्षा के क्षेत्र में इंटर कॉलेज खोलकर कदम रखा था। हमारे शहरी क्षेत्र में विश्वविद्यालय बहुत थे लेकिन देहात में नहीं थे, ग्रामीण क्षेत्र की बहिन-बेटियां एवं भाइयों को दूरी के साथ आर्थिक संकट भी था, जिसे दृष्टिगत रखते हुए केएम विवि की नींव रखी गई, जिससे हमारे यहां की बहिन बेटियां एवं भाई शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन सकें, अब बिना पढ़े मेरे क्षेत्र की कोई भी बहिन, बेटी व भाई






कार्यक्रम में केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी जानकारी देते हुए साथ में विवि के रजिस्ट्रार अवार्ड को लेते हुए

अशिक्षित न रहे। मेडिकल कॉलेज के एक प्रश्न का जबाव देते हुए उन्होंने कहा कि मैं जनता हूं कि दवाइयों में पैसा बहुत खर्च होता है, निम्न आर्थिक स्थिति के परिवार ज्यादा नहीं खर्च कर सकते, इसलिए हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज की स्थापना की। अब मेरा प्रयास है कि मेरे ब्रज में कोई बीमार और अनपढ़ न रहे।

निःशुल्क इलाज के लिए पूरे जनपद में 20 बसें प्रतिदिन मरीजों को निःशुल्क लेकर आती है, उन्हें उपचार के बाद उनके गतंव्य छोड़ने जाती है। इसी प्रकार से मथुरा के दर्जनों वृद्ध आश्रम मेरे द्वारा गोद लिए हुए हैं, जिनका पूरा खर्च वो स्वयं वहन करते हैं। मेरा मानना है कि आने वाले पांच वर्षों में मेरा विश्वविद्यालय प्रदेश में नम्बर वन पॉजिशन पर होगा क्योंकि मैं और मेरी पूरी टीम मेहनत कर रही है, उन्होंने आगे बताया कि पूरे जनपद के ग्रामीण अंचलों में ओपीडी खोली गई हैं, जिनमें एमबीबीएस और पीजी डाक्टर्स लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे हैं। नीट परीक्षा, नई शिक्षा नीति और यूथ पर उन्होंने अपनी बेबाक राय रखी। कार्यक्रम में इस दौरान केएम विवि के रजिस्ट्रार पूरन सिंह भी चांसलर के साथ मौजूद रहे।

## तेजगढ़ और मोहड़ पहुंचकर कलेक्टर श्री कोचर ने ग्रामीणों से हुये रू-ब-रू उनकी बाते व समस्याएं सुनी



### अधिकारियों को दिये गये समुचित दिशा-निर्देश

### गांव की प्राचीन धरोहरों को भी देखा

दमोह। 24 जून 2024 राजेश कुमार पटेल जनक केसरिया हिंदुस्तान जिला प्रमुख की खबर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज जिले के तेजगढ़ और मोहड़ ग्राम पहुंचे ग्रामीणों से की चर्चा उनकी बातें की, उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उन्होंने प्राचीन बावड़ी, किले की दीवार, पुरातात्विक महत्व के मढ़े का अवलोकन किया और इनकी साफ-सफाई एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री कोचर तेजगढ़ के माली मोहल्ला पहुंचें और प्राचीन बावड़ी की सफाई के निर्देश दिए। यहां ग्रामीणों ने सड़क और पानी की समस्या से अवगत कराया। कलेक्टर श्री कोचर ने समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर श्री कोचर ने तेजगढ़ के प्राचीन हाथी द्वार का अवलोकन किया और गणेश मंदिर पहुंचकर दर्शन किये। भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने प्राचीन किले की दीवार और नीचे जाती हुई सीढ़ियों को देखा साथ ही ग्रामीणों से इसके सौंदर्यीकरण के सुझाव मांगे। तेजगढ़ के ग्रामीणों ने अस्पताल और स्कूल से संबंधित समस्याओं से भी अवगत किया, जिसे कलेक्टर ने ध्यान से सुना और आवश्यक कार्य के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

इसके उपरांत कलेक्टर श्री कोचर ग्राम मोहड़ पहुंचे जहां उन्होंने ऐतिहासिक महत्व की धरोहर प्राचीन मढ़े के भग्नावशेष, नक्काशी और कलाकृतियां देखी और इसके बनावट की प्रशंसा की, साथ ही कहा कि इसके संरक्षण के प्रयास किये जायेंगे। मोहड़ ग्राम में भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान से सुना और इनके निदान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। स्थानीय मंदिर में दर्शन

## प्रस्तावित पुलिस परीक्षा को सुचारू रूप से पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए जिलाप्रशासन की बैठक संपन्न

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो चीफ विपिन मित्तल की रिपोर्ट

औरैया 24 जून।जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने आगामी प्रस्तावित पुलिस परीक्षा को सुचारू रूप से पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए ककोर स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय में परीक्षा केंद्रों के निर्धारण हेतु आयोजित बैठक में संबंधितों को निर्देशित किया कि निर्धारित मानक व नियमानुसार बनाए जाने वाले परीक्षा केंद्रों की भली भांति जांच परीक्षण करते हुए आवश्यक आवश्यकताओं का भी संज्ञान लेकर समय से निरीक्षण आख्या उपलब्ध करायें जिससे शासन को ससमय सूचना प्रेषित की जा सके।

उक्त द्वय अधिकारियों ने कहा कि शासन द्वारा प्राप्त मानक को भली




भांति देख लिया जाए जिससे किसी प्रकार की किसी भी परीक्षार्थी को कोई समस्या न हो और सुरक्षा आदि की पर्याप्त व्यवस्था कराई जा सके।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/ रा0) महेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर कुशवाहा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी पवन तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एस. पी. यादव आदि उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन कनविक्शन के तहत हत्या का प्रयास करने वाले दो अभियुक्तगण को 04-04 वर्ष के सश्रम कारावास व 2,000-2,000 रु0 के अर्थदण्ड से कराया गया दण्डित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो चीफ विपिन मित्तल की रिपोर्ट

औरैया 24 जून।जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक औरैया श्रीमती चारु निगम द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक औरैया के नेतृत्व में थाना दिबियापुर व मानीटरिंग / पैरवी सैल की प्रभावी पैरवी के चलते हत्या का प्रयास करने वाले अभियुक्तगण को न्यायालय औरैया द्वारा दण्डित किया गया है

30 मई 2020 को हत्या का प्रयास करने के संबंध में थाना दिबियापुर जनपद औरैया पर मु0अ0सं0 166/20 धारा 307 भादवि0 बनाम अभियुक्तगण नीरज कुमार पाण्डेय पुत्र रामकरन पाण्डेय नि0 मुसावली थाना एकदिल जनपद इटावा, हाल पता ग्राम उमरी थाना दिबियापुर जनपद औरैया , देवा पुत्र दीपू निवासी कांशीराम कॉलोनी थाना दिबियापुर जनपद औरैया पंजीकृत किया गया । जिसके संबंध में पुलिस व शासकीय अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की जा रही थी। जिस क्रम में आज न्यायालय अपर जिला एंव सत्र न्यायधीश तृतीय जनपद औरैया द्वारा अभियुक्तगण को 04-04 वर्ष कारावास के सश्रम कारावास व 2,000-2,000 रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । दण्डित कराने में अभियोजन अधिकारी श्री मुकेश कुमार पोरवाल व न्याया0 पैरोकार उ0नि श्री रुकुमुद्दिन का विशेष योगदान रहा।

## प्रेमी जोड़े ने पेड़ पर लटक कर दे दी जान

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

उत्तर प्रदेश के एटा जिले में प्रेमी युगल की जिद ने दो परिवारों की खुशियों को उजाड़ दिया दोनों की लाशें सुबह-सुबह पेड़ पर फंदे से लटकी मिलीं। ये देख मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर परिवार के लोग और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव नगला पाती में सोमवार सुबह उस समय कोहराम मच गया, जब प्रेमी युगल के शव पेड़ पर फंदे से लटके मिले। दोनों के बीच गहरा प्रेम





संबंध बताया जा रहा है। हालांकि दोनों के ही परिवार के लोग एक दूसरे पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

लड़के के भाई योगेश ने बताया लड़की वाले शादी का दबाव बना रहे थे। वहीं लड़की की मां ने बताया कि 17 मार्च को गोद भराई कराई थी। दोनों के बीच पिछले एक वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पहले भी लड़का उनकी लड़की को भगाकर ले जा चुका था। हालांकि दोनों की मौत के बाद परिवारों में गमगीन माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने शव को पेड़ से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## वन विभाग द्वारा पकड़ी गई अवैध कटान की गई लकड़ी

कुठौंद जालौन! थाना क्षेत्र के वन रेंज नैना पुर चौकी के अंतर्गत लोहई के जंगल में अवैध रूप से बेरी विलायती ,देसी बबूल की लकड़ी से लदाजा रहा थी की तभी बन रेंज में गस्त कर रही वन विभाग की टीम के चौकी इंचार्ज परशुराम के नेतृत्व में ट्रक को घर दबोचा जिसे लाकर वन रेंज नैनापुर में खड़ा कर विभाग ने कार्यवाही शुरू कर दी है। काफी लंबे समय से जंगल के किनारे लकड़ी काटने की रात में शिकायतें मिल रही थी !उसी के मद्देनजर वन विभाग की टीम ने बीती रात 9ः00 बजे के आसपास विजवाहा गांव के पास एक ट्रक आता दिखाई दिया जिसका नंबर यू पी 25 सी टी 3894 है उसे रोकने का प्रयास किया तो उसके चालक ने तेजी से गाड़ी को आगे बढ़ा दिया लेकिन टीम ने उसे घेर कर पकड़ लिया पकड़े गए ट्रक में तकरीबन 13 टन लकड़ी बताई जा रही है चालक के पास जो प्रपत्र मिले हैं उनमें बबूल की लकड़ी होना दर्शाई गई है जबकि ट्रक में देसी बबूल की लकड़ी की मात्रा अधिक पाई गई है चौकी इंचार्ज ने पूरे मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को दी उच्च अधिकारियों के निर्देश पर ट्रक को खड़ा कराकर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है। यहां गौरतलब हो वन विभाग प्रत्येक वर्ष हजारों पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर काम करता है लेकिन लकड़ी माफियाओं की



नजर अवैध कटान पर वनी रहती है। समाचार लिखे जाने पर सूत्रों द्वारा बताया गया है कि दोपहर बाद मामला सेटिंग गेटिंग कर निपटा लिया गया है जबकि पकड़ी गई टीम के सदस्यों ने अवैध लकड़ी समझकर पकड़ा था लेकिन बंन रेंज में नैनपुर में क्षेत्र की रेंज लोह ई में तैनात वन दरोगा की रिपोर्ट ने अपनी रिपोर्ट में देसी बवूल की लकड़ी दर्शा दी गई थी जबकि उसमें विलायती ववूल लकड़ी,वेरी तथा शीशम की सिलियां भी पड़ी हुई थी लेकिन मामले को निपटाकर ट्रक को स सम्मान विदा कर दिया गया वन विभाग की छवि पर उस समय बुरा प्रभाव पड़ता दिखाई दे रहा है जब कुछ ही दिनों में वन विभाग हरित क्रांति वृक्षारोपण तथा पर्यावरण संरक्षण के बड़े-बड़े दावे कर वृक्षारोपण की फोटो खिंचवाता हुआ दिखाई देगा। इस विषय में कोई भी कर्मचारी अब कुछ भी खुलकर बोलने का साहस नहीं जुटा पा रहा है फिलहाल वन विभाग की इस कार्य गुजारी को लेकर क्षेत्र में तमाम तरह की चर्चाएं व्याप्त हो गई है। यहां जाएगी गौरतलब होगी कुछ महत्वपूर्ण शीशम की दरोगा द्वारा पकड़ा गया था जिसे बाद में थाना क्षेत्र की एक आरा मशीन पर अपने निजी स्वास्थ्य की खातिर भिजवाकर उसके पलंग तखत बनवाए गए थे इसको लेकर भी मामले ने तूल पकड़ा था लेकिन फिर बाद में मामला रफा दफा हो गया था।

## पुलिस के वहां की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति घायल जिला अस्पताल में इलाज रत



दमोह 24 6..2024 राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान..कोतवाली थाना अंतर्गत आने वाले मुक्तिधाम चौराहे पर एक पुलिस के बाहन ने एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे ही बाइक में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाया गया है । घटना के संबंध में घायल युवक पप्पू पिता अमृत लोधी 32 साल निवासी सीता नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अपनी पत्नी पुष्पा वाई अपनी बेटी हेमंति बाई 11,और अपने पुत्र महेंद्र लोधी 13 साल को अपनी बाइक पर लेकर इलाज के लिए दमोह आ रहा था इसी दौरान मुक्तिधाम चौराहे पर एक तेज रफ्तार कार सवार ने पीछे से इन को वाईक। में टक्कर मार दी जिससे ही बह अनियंत्रित होकर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए पप्पू ने बताया कि उक्त वाहन। किसी पुलिस वाले का था वाहन चालक में अपने बाहन से उतरकर अपने वाहन को चेक किया और उन्हें ऑटो में बिठा यह कह कर बैठा लिया कि वह इलाज के लिए अस्पताल चलें उनके पीछे-पीछे मैं भी आ रहा हूं घायल पप्पू ने बताया कि। वह 2 घंटे से उसे पुलिस वाले को ढूंढ रहे हैं लेकिन वह अभी तक हम लोगों का इलाज करने नहीं आया इस घटना की शिकायत करने में कोतवाली गया था , लेकिन कोतवाली पुलिस ने उसे भगा दिया इसके बाद अस्पताल चौकी पहुंचा वहां भी उसकी कोई सुनाई नहीं हुई हैरान परेशान पप्पू इलाज के लिए जिला अस्पताल आया और उसने अपना इलाज कराया है इस संबंध में पप्पू ने बताया कि उसे इंसाफ चाहिए खबर लिखे जाने तक पप्पू अपने परिवार के साथ जिला अस्पताल परिसर में ही मौजूद रहा इस का कहना है कि उसका।

# आप की प्रतिनिधि बन गई स्पेशल जज न्याय बिंदु सुशील सरावगी

## केजरीवाल को जमानत देना महंगा पड़ सकता है मैडम नरेश धाकड़-

श्योपुर।जिस तरह आनन फानन में स्पेशल जज न्याय बिंदु ने केजरीवाल को जमानत देने का आदेश दिया, वह उन्हें किसी बड़ी मुसीबत में फंसा सकता है - यह डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच मध्य प्रदेश नई दिल्ली राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुशील कुमार सरावगी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बताया अपने आदेश में जो बातें न्याय बिंदु ने कही, वह बातें केजरीवाल के वकील और ÷आप÷ पार्टी कहती रही है - प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश नरेश धाकड़ ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि न्याय बिंदु को इस मामले में हाथ डालना ही नहीं चाहिए था क्योंकि केस के सुनवाई स्पेशल जज कावेरी बवेजा कर रही थी जो स्क्क- स्रुकोर्ट के मामलों के लिए मनोनीत हैं -एक बात स्पेशल जज बिंदु ने कही जो सबसे ज्यादा आपत्तिजनक है कि हजारो पन्नों का रिकॉर्ड पढ़ने का किसके पास टाइम है और जमानत पर छोड़ दिया जैसे छोड़ने की कीमत पकड़ रखी थी वरना तो पढ़ने देती सब कुछ कावेरी बवेजा को - तुम्हें किसने कहा था कि आज ही आदेश देना है और आपके आदेश से ÷आपिए÷ तो ऐसे खुश हुए जैसे स्पेशल जज बिंदु ने कोई ऐसा बिंदु पकड़ लिया जिससे केजरीवाल को जमानत देना जरूरी हो गया और उसे जमानत नहीं मिली बल्कि वो तो ÷बरी÷ हो गया आरोपों से -




बड़ा रिकॉर्ड पढ़ने की बात कावेरी बवेजा ने भी की थी जब उन्होंने श्वष्ठ के आरोपपत्र पर संज्ञान लेना था और इसलिए उन्होंने श्हस्त्रद्दह् की तारीख 9 जुलाई कर दी यानी एक महीना बाद नाकि तुरंत संज्ञान लेने के आदेश कर दिया जैसे बिंदु ने जमानत देने के कर दिए तुरंत -

न्याय बिंदु को इना भी पता नहीं कि केजरीवाल ने हाई कोर्ट में श्वष्ठ के सामने पेश होने की शर्त लगाई थी कि उसकी गिरफ़्तारी न हो लेकिन उन्होंने मानी नहीं और श्वष्ठ द्वारा सबूत दिखाने पर यहां तक कहा कि इसे अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया - और शाम को उसी दिन श्वष्ठ ने गिरफ्तार कर लिया

न्याय बिंदु ने इस बात से भी आंखें मूंद ली कि हाई कोर्ट की जज स्वर्णकांता शर्मा ने सिसोदिया को मई में जमानत देने से मना करते हुए कहा था कि सिसोदिया एक क्क्ष्2द्दह्ल्द्धह्व व्यक्ति हैं जो सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं - केजरीवाल तो जब सिसोदिया से भी ज्यादा शक्तिशाली है, तो उसे तो जमानत मिलनी ही नहीं चाहिए फिर भी दी बिंदु मैडम ने

न्याय बिंदु को यह भी याद नहीं रहा कि दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने केजरीवाल की गिरफ़्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करते हुए कहा कि श्वष्ठ ने कानून का पालन किया है लेकिन बिंदु जी सारा कुसूर श्वष्ठ का बता रही थी -

न्याय बिंदु ने केस की नज़ाकत को समझा ही नहीं और लगता है केजरीवाल गैंग से ट्यूशन पढ़ा हुआ था जो जमानत देते हुए शर्त लगाई कि केजरीवाल जांच में बाधा नहीं डालेंगे - जो व्यक्ति श्वष्ठ के 9 ह्यह्वद्वद्वश्ठ्ठह्य पर पेश नहीं हुआ, उससे आप कैसे उम्मीद कर गई बिंदु कि वह जांच में बाधा नहीं डालेगा - 9 ह्यह्वद्वद्वश्ठ्ठह्य पर पेश न होना सबसे बड़ी बाधा पैदा करना था जांच में -

यह तो अच्छा हुआ कि आज ही श्वष्ठ ने दिल्ली हाई कोर्ट में अपील कर दी और कोर्ट ने जमानत पर रोक लगा दी - सबसे बड़ा सबूत न्याय बिंदु के ÷आप÷ से मिले हुए होने का यह है कि जब श्वष्ठ ने कहा कि हमें 2 दिन का समय दीजिए अपील करने के लिए तो उसे तुरंत खारिज कर दिया -कई मामलों में जब किसी को सजा होती है तो कुछ समय के सजा को निलंबित कर दिया जाता है जिससे वह अपील कर सके - बिंदु जी लगता है केजरीवाल गिरोह के किसी लालच में थी जो श्वष्ठ की कोई बात सुनना ही नहीं चाहती थी - लोग पूछ सकते हैं कितनी बक्शीश मिली बिंदु जी को केजरीवाल को छोड़ने के लिए - बिंदु जी के बैंक खातों और ड्डह्यद्दह्लह्य की जांच होनी चाहिए -

दिल्ली हाई कोर्ट से बिंदु के आदेश पर रोक लगना और गली गली उस पर चर्चा होना बिंदु को किसी मुसीबत में डाल सकता है।

# फ्लाई ऐश ओवरलोड हाईवा ने बाइक सवार दंपति को मारा ठोकर महिला के पैर मे चढा हाईवा पैर पूरी तरह से डैमेज





### ओवरलोड वाहनों को लेकर मीडिया लगातार आवाज उठाती रही लेकिन खाकी खादी के संरक्षण में ओवरलोडिंग का खेल चल रहा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
अनूपपुर/भालूमाड़ा

जैतहरी के पावर प्लांट मोजरबेयर से फ्लाई ऐश (राखड) एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र बंद पड़ी हरद ओसियम मे खदान राखड डंपिंग का कार्य ट्रांसपोर्टिंग के माध्यम से एच आर सी कंपनी के द्वारा ट्रांसपोर्टिंग किया जा रहा है। भालूमाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम कुशियारा रेलवे अंडर ब्रिज के पास ओवरलोड फ्लाई ऐश हाईवा ने बाइक सवार पति पत्नी लखन शुक्ला पत्नी प्रीति शुक्ला दवाई करने के लिए मेडिकल कॉलेज शहडोल जा रहे थे तभी अचानक ओवरलोड हाईवे ठोकर मार दी ठोकर लगने से पति पत्नी और ओवरलोड हाईवा का अगला टायर महिला के पैर मे चढ गया जिस महिला का पैर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया महिला के उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज शहडोल एंबुलेंस के माध्यम से भेजा गया है जहा पर महिला का उपचार जारी है।

ओवरलोड हाईवा ठोकर मार के फरार हुआ ड्राइवर - कुशियरा रेलवे फाटक अंडर ब्रिज के दोनों साइड रेलवे विभाग के द्वारा ब्रिज के दोनो साईड लोहे का बेरी गेट लगा कर रखा है जिससे अंडर ब्रिज को किसी भी ओवरलोड वाहन से नुकसान न पहुंचे परंतु जैतहरी के पावर प्लांट मोजरबेयर से फ्लाई ऐश (राखड) लगातार ओवरलोड करके ट्रांसपोर्टिंग एचआरसी कंपनी द्वारा किया जा रहा है। कुशियरा अंडर ब्रिज के पास लगे बेरिकेट के पहले ही ओवरलोड हाईवा स्क्क34 ॥ 1080 को बेरीगेट के बगल से निकाल रहा था तभी पगडंडी रास्ता से बाइक सवार दम्पत्ती आ गए और आपस में भिड़ंत हो गया। हाईवे का अगला चक्का महिला के पैर के जांग में चढ़ गया। आनन-फानन हाईवा ड्राइवर तत्काल गाड़ी को बैक करके रोड लाकर खड़ा करके फरार हो गया।

इनका कहना है।

हाईवा को थाने मे लाकर खड़ा कर दिया गया है। एक्सीडेंट व ओवरलोड सहित हर बिन्दुओ पर जांच कर कार्रवाई की जायेगी



### कुणाल भैया आपको जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं नरेश धाकड़.

श्योपुर।सुधाअर्मत डेयरी। समूह ग्रुप के संचालक छोटे भाई एवम पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के छोटे सपुत्र कुणाल सिंह चौहान का जन्मदिवस है , इस अवसर पर ईश्वर आपको उतम स्वास्थ्य,दीर्घ आयु एवं सुख समृद्धि प्रदान करें, आप हमेशा हँसते मुस्कुराते रहे, इन्ही मंगलकामनाओं के साथ आपको मिडिया प्रभारी नरेश धाकड़ भाजपा जिला श्योपुर ने जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई देते हुए,हम शुभकामनाएं भी प्रेषित करते हैं।

### पहले मानसून की बारिश के बाद खेतों में सोयाबीन बुवाई शुरू: शुक्रवार को हुई बारिश से बुवाई के लिए तैयार हुए खेत

रिपोर्टर दिनेश शुक्ला

मानसून के आगाज के साथ ही किसानों ने खेती का कार्य शुरू कर दिया। 2 दिन पूर्व हुई बारिश ने आलोट क्षेत्र के कई हिस्सों में किसानों के खेतों को तरबतर कर दिया। दो दिन पहले शुक्रवार को हुई जोरदार बारिश के बाद खेतो मे नमी कम हुई जिसके बाद किसानों ने अपने खेतों में सोयाबीन बोवनी शुरू कर दी।कुछ किसानो ने तो शनिवार को भी बोवनी का आगाज कर दिया था।



आज रविवार को क्षेत्र के अधिकांश किसान ने अपने अपने खेतों पर ट्रैक्टर ट्रॉली व बीज वाली मशीन शिडील लेकर पहुंचे। ग्राम धतुरिया,थूरिया, किशनगढ़, ताज़ली, आक्या, बरडिया राठौर, खजुरी देवड़ा किसानों ने सोयाबीन की बोवनी का शुभारंभ कर दिया। ग्राम धतुरिया के किसान मोहन सिंह राठौर बताया कि शुक्रवार को सुबह अच्छी बारिश हुई थी।हमनें खेतों को पहले से ही तैयार करके रखा था। सिर्फ एक अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे थे, जो कि शुक्रवार की बारिश ने पूरा कर दिया। इस बारिश के चलते अब वे खेतों में सोयाबीन की फसल की बोवनी कर रहे हैं।

# मानसून की दस्तक से पहले विधायक ग्रेवाल का राजगढ नगर का दौरा

जिला ब्यूरो धार/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
मो. 9424075866

मानसून की दस्तक से पहले क्षेत्रीय विधायक श्री प्रताप ग्रेवाल ने सोमवार को राजगढ़ नगर के वार्डों के भ्रमण का अभियान शुरू करते हुए जनता की समस्या के समाधान के लिए प्रयास आरंभ किए है। इसके तहत विधायक श्री ग्रेवाल ने सोमवार को नगर के वार्ड क्रमांक 1 और वार्ड क्रमांक 2 का भ्रमण करते हुए जनता से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुनते हुए नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों को आवष्यक दिषा निर्देष दिए।

नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक जैन ने बताया कि श्री विधायक ग्रेवाल के वार्डों में पहुंचने पर जनता ने अपनी वाजिब समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। वार्ड क्रमांक 1 शंकरपुरा से आरंभ हुआ भ्रमण का यह सिलसिला वार्ड क्रमांक 2 में खत्म हुआ। इस दौरान रहवासियो ने विधायक श्री ग्रेवाल को पेयजल व अन्य समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ग्रेवाल ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देष दिए कि जनता की समस्या का समाधान शीघ्र अतिषीघ्र किया जाए। इस दौरान नाली सफाई, पेंषन संबंधि प्रकरण व आवास एवं बड़ों नालों की सफाई के मामले भी सामने आए। श्री ग्रेवाल ने इस दौरान मौजूद अधिकारियों को कहा कि दो माह के बाद पुनः वार्डों में भ्रमण करूंगा। उस दौरान समस्याओं का निदान हो जाना चाहिए। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सिद्धार्थ जायसवाल, उपाध्यक्ष दीपक जैन, पार्षद प्रतिनिधि नीलेश सिंगार, भरत सिंगार, बलराम मकवाना, पार्षद राजेश गुंडिया सहित सीएमओ आरती गरवाल, उपयंत्री आराधना डामोर, बीईओ सुनील कुमार ओस्तवाल, प्रभारी प्राचार्य बालक उमावि नारायण काग, महिला बाल विकास सुपरवाइजर रीना कटारा, पटवारी ओपी सोनी शहर कांग्रेस अध्यक्ष जीवन सिसोदिया सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।



26 जून को यहां होगा भ्रमण

नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक जैन ने बताया कि विधायक प्रताप ग्रेवाल 26 जून बुधवार को नगर के वार्ड क्रमांक 3 व 4 में सफाई व्यवस्था व जनता की समस्या को सुनकर निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देष देंगे। श्री जैन ने बताया कि विधायक श्री ग्रेवाल नगर के सभी 15 वार्डों का भ्रमण कर जनता की समस्या को सुनेंगे।

## अम्बाह पुलिस की ताबडतोड कारबाही अबैध शराब की 14 पेटी वियर कैन व एक पेटी देशी की कीमती 57,000/- रूपये आरोपी पकड कर किया गिरफ्तार.




गोपाल त्रिपाठी की रिपोर्ट

अम्बाह. पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान,व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द्र सिंह ठाकुर के दिशा निर्देशन एवं श एसडीओपी अम्बाह रवि भदौरिया के मार्गदर्शन में अवैध शराब एवं अन्य मादक पदार्थ को रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान दिनांक 23/06/2024 को थाना अम्बाह पुलिस ने मुखविर सूचना पर से आरोपी के घर के बाहर भूसे के कूप से ग्राम कौआवर मिढ़ेला से अवैध 13 पेटी वियर कैन ब्लैक फोर्ट की व 01 पेटी देशी मसाला शराब की कीमती करीबन 57,000/- रूपये की मिली जिन्हे आरोपी से जप्त किया गया। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 34(2) आवकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से आरोपी को गिरफ्तार किया गया बाद वापसी पर आरोपी के विरूध्द धारा 34 (2) आवकारी एक्ट का अपराध पंजीबध्द किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र सिंह कुशवाह, उनि प्रज्ञाशील, आरक्षक 543 दीपक पचौरी, आरक्षक 300 दीपक, आर. चालक मनीष सिरौठिया, आर. चालक धर्मेन्द्र परमार की सराहनीय भूमिका रही

## खामखेड़ा हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य लख्मीचंद जी कर रहे हैं स्कूल में मनमानी शासन के नियमों की उड़ा रहे धज्जियां




खामखेड़ा हाई स्कूल जिसमें बच्चों की संख्या 300 के आसपास है लेकिन स्कूल के प्रभारी प्राचार्य लख्मीचंद की गंजबासोदा से कर रहे हैं अप डाउन कभी भी स्कूल सही समय पर नहीं खुल रहा एवं ना ही समय पर स्कूल बंद हो रहा है ग्राम के गणेशाराम ने बताया कि प्रिंसिपल महोदय 11ः12 बजे स्कूल आते हैं और वह 3ः00 बजे के आसपास स्कूल से निकल जाते हैं जिससे कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है एवं नाही प्रिंसिपल महोदय मुख्यालय पर रूकतै शासन के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं मध्य प्रदेश शासन के नियम है कि स्कूल टीचर मुख्यालय पर ही रूकै लेकिन शायद प्रिंसिपल महोदय पर नियम लागू नहीं है वहीं राहुल कुमार का कहना है कि प्रिंसिपल महोदय गंजबासोदा से अप डाउन करते हैं 2 दिन में एक दिन आते हैं और सही समय पर ना तो आते हैं ना ही जाते हैं जिस की पढ़ाई प्रभावित हो रही है

# 10 जून को रेलवे ट्रैक पर घायल अवस्था में मिली गुनगुन का होश में आने के बाद बयान आया सामने

### अपने बयान में मुस्कान द्वारा ही उसे चोटिल कर रेलवे ट्रैक पर मरने के लिए छोड़ने की जानकारी

### मुस्कान गुनगुन को अपने साथ घर से लेकर आई कॉलेज में कपड़े बदले और रेलवे ट्रैक पर सेल्फी लेने के बहाने पहुंची

### पत्थर मारकर किया चोटिल, मुस्कान ने अपना बैग और सुसाइड नोट भी घायल गुनगुन के पास छोडा



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने बताइए की 10 जून को रेलवे ट्रैक पर घायल मिली गुनगुन उर्फ नेहा रजक को होश आ गया है और उसके बयान भी दर्ज किए गए हैं.... उन बयानों के आधार पर इस घटना के पीछे उसकी ही सहेली मुस्कान राजपूत ही जिम्मेदार है.... घटनाक्रम के बारे में उन्होंने बताया कि बयानों के आधार पर जो जानकारी सामने आई है उसमें गुनगुन रजक को मुस्कान उसके घर से लेकर कॉलेज निकली थी... कॉलेज में दोनों ने आपस में कपड़े बदले थे जो मुस्कान की जिद पर ही किए थे..... उसके बाद सेल्फी लेने और रील बनाने के लिए वह कॉलेज से निकलकर रेलवे ट्रैक पर पहुंचे थे.... जब वह दीवार की ओट में पहुंचे तब मुस्कान ने गुनगुन के सिर पर और चेहरे पर पत्थर से कई बार हमला किया... वह बेहोश हो गई उसके बाद उसे कोई जानकारी नहीं है..... वही रेलवे ट्रैक पर घायल युवती की जानकारी लगने के बाद तुरंत ही कोतवाली पुलिस द्वारा उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया.... उसके पास जो बैग रखा था वह मुस्कान का था... उसमें मुस्कान ने खुद के सुसाइड करने और उसे पर सुसाइड नोट भी लिखकर बैग में डाला था... इधर गुनगुन को मेडिकल कॉलेज में पहले मुस्कान के परिजनों ने पहचान से इनकार किया बाद में तलैया मोहल्ला में रहने वाले उनके परिजन वहां पहुंचे... इसी शाम को गुनगुन को गंभीर हालत के चलते भोपाल रेफर कर दिया जहां एम्स में उसका इलाज चल रहा था... लगातार उसके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा था ...अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बयान सामने आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो गई... वहीं पुलिस में परिजनों के बयान और अन्य सबूत के आधार पर मुस्कान राजपूत निवासी मोहन गिरी माता मंदिर के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर लिया था ...सर गर्मी से उसकी तलाश की जा रही है कई पुलिस पार्टियों उसे खोजने के लिए अलग-अलग जगह पर गई हुई है

**कार्यालय ग्राम पंचायत परसवाडा**
**जनपद पंचायत परसवाडा**
**ज़िला बालाघाट म. प्र.**

क्रमांक/क्यू, दिनांक
25/06/2024

**..........नीलामी सूचना.........**

सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परसवाडा की स्वाधर संपत्ति सप्ताहिक बैठकी बाजार की नीलामी वित्तीय वर्ष 25 जून 2024 से 31 मार्च 2025 तक 9 माह की अवधि के लिए दिनांक 25/06/2024 दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत में नीलामी किया जाना है । इच्छुक व्यक्ति नीलामी के नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालय ग्राम पंचायत परसवाडा से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

सरपंच, श्रीमती गायत्री/सुधीर कुभरे सरपंच, भजन लाल उयके उपसरपंच, महेश मरकाम सचिव, अनिल त्रिवेदी सह सचिव , एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत परसवाडा जनपद पंचायत परसवाडा जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

# अखिल भारतीय पत्रकार कल्याण संघ का पत्रकार संगोष्ठी एवं सम्मान कार्यक्रम हुआ संपन्न

***कैबिनेट मंत्री, एडीजीपी, सम्पादक व राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सैकड़ों पत्रकार हुए शामिल***

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विनोद कुमार पांडे
अनूपपुर/ कोतमा





अखिल भारतीय पत्रकार कल्याण संघ का प्रांतीय अधिवेशन कार्यकारिणी गठन, राष्ट्रीय कार्य परिषद की बैठक प्रगतिशील पत्रकार सम्मान एवं संगोष्ठी कार्यक्रम अमरकंटक में नर्मदे हर सेवा न्यास आश्रम में को सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दिलीप जायसवाल कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री, मध्य प्रदेश शासन,कार्यक्रम के अध्यक्ष राम लाल रौतेल, अध्यक्ष कोल विकास प्राधिकरण, मध्य प्रदेश शासन एवं डी.सी. सागर,अतिरिक्त पुलिस महा नीरिक्षक,पांचजन्य पत्रिका के लेखक एवम राष्ट्रीय विचारक प्रशांत बाजपेयी, एवम अखिल भारतीय पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद दीक्षित,अंबिका तिवारी विशिष्ठ अतिथि सहित अधिमान्य पत्रकार सुनील चौरसिया, सहित सैकड़ों प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों की गरिमामयी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुवात माँ नर्मदा जी एवं स्वर्गीय भगवत शरण माथुर जी के छायाचित्र में दीप प्रज्वलन कर हुई। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह ,साल श्री फल से सम्मानित किया गया आए हुआ सभी पत्रकारों का अंग वस्त्र एवं साल श्री एवं पुष्प माला देकर स्वागत सम्मान किया गया ।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय बैठक कार्य कारणी से मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष आदर्श दुबे का नाम तय हुआ आप पूर्व में प्रदेश महासचिव के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे , एवं प्रांत ने अनूपपुर जिले के अध्यक्ष रामभुवन गौतम का नाम तय किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारणी सहित प्रांतीय सदस्यों ने नवीन दायित्बान पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी की शुभ कामनाएं प्रदान की ।कार्यक्रम में सनातनी परंपरा से हुआ सह भोज कार्यक्रम। पीढ़ा रखकर और आसनी में बैठाकर कराया गया सभी अतिथियों पत्रकार बंधुओं को भोजन वही कार्यक्रम के आभार प्रदर्शन के पश्चात 50 पौधे आए हुए सम्मानित अतिथियों एवं पत्रकार बंधुओं ने रोपित कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश देते हुए प्रेरणा दाई दायित्व का निर्वहन किया ।

### संविधान की मूल धारणा को समझना आवश्यक- प्रशांत

कार्यक्रम के मुख्यवक्ता के रूप में प्रशांत बाजपेई राष्ट्रीय विचारक लेखक पाचजन्य पत्रिका ने पत्रकारो को सम्बोधित करते हुए यह बात कही कि स्कूली शिक्षा और 8 वी के पाठ्यक्रम में अल्पसंख्यक और बहु संख्यक की परिभाषा और उनके हक के विषय मे पढ़ाया जा रहा है। पश्चिमी सभ्यता और वामपंथियों के द्वारा एजेंडे में बच्चों को समाज मे लिंग भेद, अल्पसंख्यक मानसिकता फैलाना और सामाजिक समरसता को खंडित करने का कार्य किया जा रहा है । भारत का संविधान कभी जाति धर्मो के रूप में अधिकार नही देता भारत मे समानता का अधिकार व भारत एक धर्म निरपेक्ष राज्य है। वामपंथियों के प्रमुख तौर पर शैक्षणिक पाठ्यक्रम में एजेंडा के तहत कार्य कर भारत की संस्कृति को नुकसान पहुचाया जा रहा है। जिसे पत्रकार और समाज के प्रत्येक पंक्तियों के लोग उक्त एजेंडे को खत्म करते हुए समाज से उक्त विचार को आगे ना बढ़ाते हुए उक्त एजेंट पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए विचार जरूर करें। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के समक्ष सदैव चुनौतियां रहती हैं और चुनौतियों को पार कर ही एक अच्छा पत्रकार अच्छा लेखक बन पाता है। उन्होंने यह बात कही की भारत का संविधान सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया,सर्वे भद्राणि पश्यन्तु माँ कसबिद दुःख भाव भवेत। अर्थात सभी जाति धर्मो को समानता का अधिकार देता है।

### पत्रकारिता एक चुनौती पूर्ण कार्य- शरद दीक्षित

अखिल भारतीय पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद दीक्षित ने यह बात कही की पत्रकारिता हनुमान जी की तरह होनी चाहिए जो जिस अवस्था मे दिखे उसका बखान वैसे ही हो उसमें अपनी अभिव्यक्ति बिल्कुल नही होनी चाहिए। वही पत्रकारिता सूर्पनखा की तरह नही होनी चाहिए कि किसी खबर को इस तरह से परोस दिया जाए कि दूसरे दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो। पत्रकारिता नारद मुनि की तरह होनी चाहिए कि जब देव शांत मुद्रा में हो तो दानवों को जगा दें। और यदि दांव सुप्त अवस्था मे हो तो देवो को जागृत कर दें। अर्थात समाज का तालमेल बनाये रखना पत्रकारिता का मूल दायित्व भी है।

### पत्रकारों के लिए चिंतन आवश्यक- दिलीप जैसवाल

कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री, दिलीप जैसवाल ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए यह बात कही कि वर्तमान में पत्रकारिता संघर्षपूर्ण कार्य है। निष्पक्ष पत्रकारिता एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। हम लोग अक्सर वहीं अध्यक्ष उद्बोधन में कोल विकाश प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल जी ने कहा हम लगातार नर्मदे हर सेवा न्यास में विगत दस वर्षो से पत्रकारिता संगोष्ठी सम्मान कार्यक्रम कर रहे हैं पत्रकारों को एकजुट कर उनसे संवाद करना भी एक चुनौती है जिसे भाई आदर्श दुबे एवं सहयोगियों ने करके दिखाया है उन्होंने कार्यक्रम की प्रशंशा करते हुए पत्रकारों की संगोष्ठी एवं सम समाय विषयों पर चर्चा लगातार होते रहना चाहिए मंच से कहा।

### कार्यक्रम के अध्यक्ष रहे केबिनेट मंत्री

आपने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि पत्रकारों को एकजुट करके उनके साथ सम्मान संवाद करना अपने आप में एक कठिन कार्य है हमने नर्मदे हर सेवा न्यास में लगातार 10 वर्षो से पत्रकार संगोष्ठी एवं सम्मान कार्यक्रम किया और इस वर्ष भी छोटे भाई आदर्श दुबे ने पत्रकारों के एकत्रित कर एक चुनौती पूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाया है। वही अतिरिक्त पुलिस महा निरीक्षक डीसी सागर ने अटल ओजस्वी कविताओं से पत्रकारों में ऊर्जा का संचार किये। आयोजक मंडल द्वारा जिले एवं संभाग सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से पत्रकारों का आमंत्रित किया है और प्रगतिशील पत्रकारों का अधिक से अधिक कार्यक्रम में शामिल होने का संगठन ने आग्रह किया है, कार्यक्रम का प्रमुख विषय पत्रकारिता का वर्तमान परिदृश्य एवं पत्रकार सुरक्षा है ,अखिल भारतीय पत्रकार कल्याण संघ, प्रांतीय समिति मध्य प्रदेश के सदस्य श्री आदर्श दुबे अनूपपुर , नरेन्द्र बुधोलिया रीवा-, विकास सोनी जबलपुर संजय सिंह कटनी ,राजेश लाड ग्वालियर, अनूप रॉबिन जबलपुर व्यवस्था में रहे।




## भ्रष्ट लाइनमैन की भ्रष्ट बिजली व्यवस्था से परेशान ग्रामीण

**धोखेबाज मोहब्बत की तरह हो चुकी गौरी सब स्टेशन की लाइट**

**बिजली विभाग के अधिकारियो को रास नहीं आ रही आम जनता की खुशी**

हनुमना। वैसे तो आम आदमी को जिंदगी परेशानियों से भरी होती है और सुख की चेन उसको अपने घर में जब दो वक्त की रोटी मिलती है। तब ही आता है। तब वह सोचता है कि सुकून मिलेगा लेकिन एक कहानी है। जो आज नहीं कई वर्षों से चली आ रही है। और वह कहानी किसी और कि नहीं गौरी सबस्टेशन बिजली विभाग के लाइनमैन भानु प्रताप सिंह की है ऐसा कोई भी दिन हो कि जब गौरी की लाइट में खराबी ना रहती हो लेकिन कभी क्षेत्र में नही दिखाई देते यहां के क्षेत्रीय लाइन मैन और बिजली व्यवस्था रहती है भ्रष्ट। कभी-कभी तो आओ भगत जाओ भगत बाली रहती है बिजली जो कभी भी थोडा सा हवा भी चले तो लाइट बंद हो जाती है। लेकिन सुधार के नाम पर केवल खाना पूर्ति रहती है। फिर भी मेंटीनेंस के नाम पर लाइट गोल रहती है

दरअसल आपको बता दे की एक कहावत है की जो की गौरी सबस्टेशन बिजली विभाग में सही फीट होती हैं। लाइट एक धोखेबाज मोहब्बत की तरह है वो किसी की सगी नही होती वह अपनी मोहब्बत को छोड़कर कभी भी चली जाती है ऐसा ही मामला गौरी सबस्टेशन की बिजली का है कब आकर चली जाती है। घर वालों को भी पता नहीं चलता और बिजली का बिल आता है 500से 5000 रुपए

*बिजली विभाग के मनमानी से ग्रामीण परेशान*

विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को मीटर रीडिंग से अधिक बिल भेजा जा रहा है, जिससे उपभोक्ता काफी परेशान हैं। यह व्यवसायिक उपयोग की बात नहीं, अपितु घरों में खपत होने वाली बिजली का मामला है। अनाप शनाप घरेलू बिजली बिल का बिल आने से ग्रामीण उपभोक्ता बेहद परेशान हैं। जबकि बिजली विभाग के कर्मचारी कभी भी मीटर रीडिंग करने नही आते हैं और मनमानी एवरेज बिल 500 से 5000 तक दी जा रही है। राशि अधिक आने से ग्रामीण परेशान है। ऐसे में उसे सुधारने के लिए ग्रामीण को कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

## एक वृक्ष मां के नाम' अभियान के तहत भाजपा कार्यालय परिसर में किया वृक्षारोपण

रायसेन( मदन राजपूत ब्यूरो चीफ केसरिया हिंदुस्तान )पर्यावरण की सुरक्षा की दृष्टि से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ÷एक वृक्ष मां के नाम÷ अभियान संचालित किया है जिसके तहत समूचे भारतवर्ष में वृक्षारोपण का कार्य क्रियशील है। संचालित अभियान के तहत नदी,तालाबों,नदियों के



महत्वपूर्ण घांटों,बावड़ियों के आसपास एवं शासकीय कार्यालयों सहित अशासकीय स्थानों पर भी वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है।प्रधानमंत्री द्वारा संचालित अभियान को सफल बनाते हुए जिला मुख्यालय स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के परिसर में भी ÷एक वृक्ष मां के नाम÷ अभियान के तहत फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया और रोपित पौधों की सुरक्षा की दृष्टि से उनके आसपास ट्रीगार्ड भी स्थापित किए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम के समय मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिलाअध्यक्ष राकेश शर्मा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश तोमर (रम्मू भैया) वरिष्ठ भाजपा नेता धीरेंद्र सिंह कुशवाह,किशोर रामानी,देवरी मंडल के अध्यक्ष अरविंद दुबे,लीलाकिशन मीणा मंडल अध्यक्ष खरबई,वरिष्ठ भाजपा नेता यशपाल सिंह राजपूत,विक्रम सिंह जादौन, भाजपा कार्यालय मंत्री जीतू ठाकुर सहित कई भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# थाना हरपालपुर पुलिस ने डकैती को अंजाम देने जा रहे अंतरराज्यीय गिरोह को किया गिरफ्तार

सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर
मो.7509091263

**तीन आरोपी गिरफ्तार, गिरोह का एक सदस्य रोहित राजपूत हत्या का आरोपी**

**पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन के निर्देशन व नेतृत्व में जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत एवं मुख्य मार्गो सहित अन्य मार्गों में गश्त एवं रोड पेट्रोलिंग जारी है।**

**विगत रात्रि थाना हरपालपुर मे ग्राम भदर्रा की पहाड़ी के नीचे कुछ बदमाश इकट्ठे है, घातक हथियार है तथा योजना बनाकर डकैती डालने संबंधी सूचना प्राप्त हुई। सूचना को शीघ्र वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।**

**पुलिस अधीक्षक छतरपुर द्वारा थाना स्तर पर पृथक पृथक टीम गठित की गई।**



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह एवं एसडीओपी नौगांव श्री चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हरपालपुर निरीक्षक राकेश साहू के नेतृत्व में गठित पृथक पृथक तीन टीम ग्राम भदर्रा की पहाड़ी अलग-अलग मार्गो से रवाना हुवे। ग्राम भदर्रा के पहले रूककर बदमाशो को पकड़ने के लिये पहाड़ी की घेराबंदी करके छुपते छुपाते बदमाशो के नजदीक पत्थरो की आड़ लेकर पहुचे। बदमाश आपस मे बात करते एवं वही पर मोटरसायकल खड़ी दिखी। घेराबंदी करके जैसे ही बदमाशो को पकड़ा तो अफरातफरी मे कुछ बदमाश अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गये। पकड़े गये तीन बदमाशो के नाम पता पूछे जिन्होने अपने नाम

1. रोहित राजपूत पिता प्रकाश राजपूत उम्र 23 साल निवासी ग्राम इटौरा थाना मझगुवां जिला हमीरपुर उ0प्र0
2. कपिल सेन पिता संतोष सेन उम्र 20 साल निवासी बुड़ौरा थाना पनवाड़ी जिला महोबा उ0प्र0
3. आशू राजपूत पिता सिध्द गोपाल राजपूत उम्र 20 साल निवासी कुल्हेंडा थाना मझगुवां जिला हमीरपुर उ0प्र0 को होना बताये।

*उक्त बदमाशो से एक 315 बोर का कट्टा (जिसमे चैम्बर मे एक जिंदा कारतूस लोड था), एक मोटोरोला कम्पनी का स्काई ब्लू रंग का मोबाइल, एक लोहे की तलवार , रियल मी कम्पनी का नीले रंग का मोबाइल,एक लोहे की सब्बल, एक एप्पल कम्पनी की लोगो बना सफेंद रंग का आईफोन तथा एक काले रंग की बिना नम्बरी अपाचे मोटरसायकल बरामद किये गये ।* एवं सावधानी पूर्वक कारतूस को चेंबर से हटाया गया। उक्त सामग्री जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया।

तीनो बदमाशो से पहाड़ी के नीचे अंधेरी सुनसान जगह पर एकत्रित होने के सबंध मे पूछताछ की गई तो उन्होने भदर्रा गांव मे किसी के यहा डकैती डालने के उद्देश्य से एकत्रित होना बताया तथा अभियुक्तो से *भागे हुये बदमाशो* के नाम पता पूछने पर

1. शिवेन्द्र राजपूत निवासी इटकौर, शिवम राजपूत निवासी कुल्हेडा
2. अमित राजपूत निवासी परा खेड़ा उत्तर प्रदेश के होना बताये ।

*अन्तर्राज्यीय गिरोह में गिरफ़्तार शुदा एक सदस्य आरोपी रोहित राजपूत के विरुद्ध थाना मझगंवा जिला हमीरपुर में हत्या का अपराध पूर्व से दर्ज है।*

फरार आरोपियों की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर जेल भेजा रहा है।

## खुशियों की किलकारी गंभीर कुपोषित बच्चे अनिल ने मात्र 14 दिन में कुपोषण को दी मात



सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर
मो.7509091263

**अनिल के स्वस्थ्य होने से परिवार में छाई खुशियां**

**कलेक्टर के निर्देशन में जिलेभर की एनआरसी में मां की काउंसलिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है**

**आगनवाड़ी कार्यकर्ता की सजगता और एनआरसी में मां के सही पोषण व काउंसलिंग से बच्चे का मात्र 14 दिन में 480 ग्राम वजन बढ़ा**

कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में छतरपुर जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए पोषण अभियान के तहत विशेष पहल की जा रही है। इसके तहत जिले में कुपोषित बच्चे हैं उनका चिन्हांकन करते हुए उनकी 12 हफ्ते एक विशेष प्रोटोकॉल के तहत देखभाल की जाती है। जो बच्चे अति गंभीर कुपोषित है उन्हे एनआरसी में रखा जाता है। जिसके तहत हर हफ्ते मैदानी टीम द्वारा उनके घरों पर विजिट करते हुए शुरुआत के दिनों में 5 दिनों की दवा दी जाकर अतिरिक्त पोषण आहार दिया जाता है और माता पिता को समझाइश दी जाती है। जो बच्चें घर या आंगनवाड़ी स्तर पर ठीक नहीं होते हैं उनको एनआरसी में भर्ती कर ईलाज व विशेष देखरेख में उन्हें स्वस्थ्य किया जाता है। आंगनवाड़ियों में पोषण बाटिकाओं का आयोजन किया जाता है। जिससे भोजन के अलावा जो भी सूक्ष्म पोषण होते है की परिवारजनों को जानकारी मिल सके जिससे वह पोषणयुक्त रहे।

ऐसी ही एक सफलता की कहानी है नन्हें बच्चे अनिल की जो बिजावर के गुलगंज के निवासी हैं। अनिल की मां नन्नी वाई व पिता गोविन्दी कुशवाहा ने बताया कि हम पति पत्नी मजदूरी का काम करते हैं अनिल उनका पहला बच्चा है। जिसका जन्म शादी के 5-6 साल बाद हुआ। उन्होंने बताया कि अनिल का जन्म 15 फरवरी 2024 को हुआ था और जन्म के समय बच्चे वनज 2 किलो का था और फिर बच्चे का वजन घटने लगा इस बात की जानकारी गुलगंज आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला अवस्थी को दी। जिन्होंने तत्काल एनआरसी (पोषण पुनर्वास केन्द्र) बिजावर में 20 अप्रैल को बच्चे को भर्ती कराया। भर्ती के समय बच्चे का वजन 1 किलो 910 ग्राम था। बच्चे के साथ मां भी एनआरसी में रही जिनकी पोषक प्रशिक्षक निष्ठा भट्ट द्वारा लगातार काउंसलिंग की गई। जिसमें बच्चे को सही ढंग से कैसे स्तनपान कराना है। कैसे बच्चे से जुड़ाव और लगाव करना है इत्यादि गतिविधियों के बारे में बताया गया। साथ ही बच्चे का जरूरी उपचार किया गया और मां को नियमित पोषण आहार दिया गया। मां और बच्चे 14 दिन तक एनआरसी में रहे। एनआरसी में बच्चे का वजन मात्र 14 दिन में ही 2 किलो 480 हो गया। पोषक प्रशिक्षक ने बताया कि बच्चे लगभर 70 ग्राम प्रतिदिन वजन बढ़ता रहा जिससे डिस्चार्ज के वक्त बच्चे का वजन 480 ग्राम बढ़ गया। पोषण के संबंध में मां की सही ढंग से काउंसलिंग और एनआरसी में बेहतर उपचार से नन्हा बच्चा कुपोषण से जीत गया और अब पूर्णतः स्वस्थ्य है। अनिल के माता.पिता ने शासन प्रशासन और महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## एडीजीपी राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो पुलिस मुख्यालय भोपाल की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर आयोजित न्यू क्रिमिनल लॉ विषय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग



सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर
मो.7509091263

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में न्यू क्रिमिनल लॉ के संबंध में सीसीटीएनएस उपकरणों एवं सॉफ्टवेयर अपडेशन पर की गई चर्चा, पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन व जिले के सभी पुलिस अधिकारी व विवेचक रहे उपस्थित

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालय, अनुभाग, थाना स्तर पर ऑफलाइन एवं ऑनलाइन के माध्यम से न्यू क्रिमिनल लॉ विषय का प्रशिक्षण चल रहा है। पुलिस कार्यप्रणाली में चलित उपकरणों एवं संसाधनों, सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन का भी अपडेशन कार्य निरंतर जारी है।

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो पुलिस मुख्यालय श्री चंचल शेखर की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अभियोजन अधिकारी समस्त जिलों के थाना व चौकी प्रभारी एवं विवेचक उपस्थित रहे।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो श्री चंचल शेखर द्वारा न्यू क्रिमिनल डॉ विषय पर उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

सहायक पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती प्राजंलि शुक्ल द्वारा सीसीटीएनएस टेक्निकल अपडेशन संबंध में प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवगत कराया गया। मीटिंग में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों द्वारा न्यू क्रिमिनल लॉ विषय पर प्रश्नोत्तर किए गए। आपराधिक प्रकरणों से संबंधित पूर्व एवं नवीन धाराओं में तुलनात्मक चर्चा भी की गई। *न्यू क्रिमिनल लॉ विषय पर आयोजित प्रदेश स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला छतरपुर से पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह, जिला अभियोजन अधिकारी श्री प्रवेश अहिरवार, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री केके गौतम, सभी अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, जिले के समस्त थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, विवेचक, जिला अपराध अभिलेख ब्यूरो प्रभारी उप निरीक्षक ओमशंकर सिंह उपस्थित रहे।*

# बाढ़ एवं आपदाओं से बचाव हेतु बनाएं कार्य योजना- कलेक्टर

## सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता से करें निराकरण- कलेक्टर

## नगरपालिका अधिकारी शहडोल एवं खांड को कारण बताओ नोटिस जारी






शहडोल।

कलेक्टर तरूण भटनागर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बारिश के कारण पानी की शुद्धता में आई कमी से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि अशुद्ध पानी पीने की वजह से बीमारी न हो इसके लिए पानी की सतत रूप से जांच करना आवश्यक है। कलेक्टर तरूण भटनागर ने निर्देश दिए कि जिले मे पानी की शुद्धता की जांच सतत रूप से करना सुश्चित करें, एवं पानी को पीने योग्य बनाने हेतु कार्यवाही करें। उन्होनें समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अशुद्ध पानी एवं बरसात की वजह से होने वाले संक्रामक रोगों से बचाव हेतु टीम तैयार करें एवं सूचना मिलने पर मरीज को तत्काल उपचार मुहैया कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टर, नर्स समय पर उपस्थित रहें एंव पर्याप्त मात्रा मे दवाईयां उपलब्ध हों इसकी भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर तरूण भटनागर सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

### कारण बताओ नोटिस जारी

बैठक में कलेक्टर तरूण भटनागर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में बिना अवकाश स्वीकृत कराए अनुपस्थित रहनें पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहडोल अक्षत बुंदेला एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी खांड दिनेश जागीर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है एवं निर्देश दिए हैं कि कोई भी अधिकारी बिना अवकाश स्वीकृत कराए मनामाने तौर पर अनुपस्थित नहीं रहेंगे।

### सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर तरूण भटनागर ने सीएम हेल्पलाइन की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में आई शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण नहीं करनें एवं डी ग्रेड में आने वाले समस्त विभागों के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। उन्होनें समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग में सभी विभाग ए ग्रेड में आने के लिए लक्ष्य बनाएं एवं कार्य करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ताओं से संवाद करें एवं संतुष्टिपूर्वक शिकायत बंद कराना सुनिश्चित करें।

### पीएम जन मन एवं पीएम किसान की समीक्षा

कलेक्टर तरुण भटनागर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएम जनमन के तहत आयुष्मान आधार एवं जाति प्रमाण पत्र आवेदन लंबित न रहे। उन्होंने समस्त एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देश दिए की पीएम जन मन के तहत आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र को समय सीमा में बनाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर तरुण भटनागर ने पीएम किसान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की किसानों के ई- केवाईसी का कार्य लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि किसानों के बैंक खातों के ई-केवाईसी करने हेतु तहसीलदार पटवारी एवं आरआई के साथ फील्ड पर जाएं एवं ई केवाईसी का कार्य तेजी से पूर्ण कराएं। उन्होंने समस्त तहसीलदार को निर्देश दिए कि ई केवाईसी हेतु रोस्टर तैयार करें एवं डोर टू डोर जाकर ई केवाईसी के कार्य को करना सुनिश्चित करें तथा प्रतिदिन की गई कार्यवाही की जानकारी प्रेषित करें।

### कलेक्टर ने की आबकारी विभाग की समीक्षा

कलेक्टर तरूण भटनागर ने आबकारी विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में जहां पर भी बिना लायसेंस के मदिरा का विक्रय किया जा रहा है उस पर रोक लगा कर प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होने निर्देश दिए कि जिले में जितनी लायसेन्स युक्त मदिरा दुकाने हैं वे अपने निर्धारित नियत समय से ज्यादा न खुले यह सुनिश्चित करें।

### महिला एवं बाल विकास

बैठक में कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए हैं कि जिले में जितने भी आगनवाड़ी भवनों का निमार्ण हो रहा है उनका गुणवत्ता पूर्वक निमार्ण किया जाए। उन्होनें जिले में संचालित आंगनवाडी केन्द्रों की भी जानकारी ली। जिस पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ने जानकारियों से अवगत कराते हुए बताया कि जिले में कुल 1622 आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित हैं, जिनमे से 128 आंगनवाडियां भवनहीन हैं। जिस पर कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि भवनहीन आंगनवाड़ी का आप भवन हेतु एक बार पुनः निरीक्षण करें एवं निमार्णाधीन आंगनवाड़ी भवनों का तेजी से निर्माण कराएं तथा नए आंगनवाड़ी भवन के लिए प्रस्ताव बनाकर कार्यालय में प्रेषित करें।

### कलेक्टर ने ली दीक्षा आरंभ कार्यक्रम की जानकारी

बैठक में कलेक्टर ने जिले में बुढार अंतर्गत पी.एम.एक्सीलेंस कालेज बुढ़ार में 01 जुलाई को आयोजित दीक्षा आरंभ कार्यक्रम की भी जानकारी ली। जिस पर पी.एम. एक्सीलेंस कालेज बुढ़ार के प्रोफेसर ने दीक्षा आरंभ कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर ने पी.डब्ल्यू.डी. के अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि पी.एम. एक्सीलेंस कालेज के निर्माण एवं फिनिसिंग का कार्य 25 जून तक सम्पन्न कर लें। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर को निर्देश दिए हैं कि वे पी.एम. एक्सीलेंस कालेज बुढ़ार में 01 जुलाई को होने वाले दीक्षा आरंभ कार्यक्रम की तैयारियों को देखें एवं आवश्यक दिशा निर्देश दे।

### बाढ़ एवं आपदाओं से बचाव हेतु रहें सतर्क

बैठक में कलेक्टर ने समस्त जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिए हैं ऐसे चिन्हित गांव जहां बाढ़ आने की संभावना हो सकती है। उन गांवों का प्राथमिकता से एक बार भ्रमण कर स्थिति की जानकारी लें तथा बाढ़ आने पर उनके लिए बचाव की तैयारियों के संबध में भी कार्य योजना बना लें, ताकि अचानक आपदा आने पर तत्काल बाढ़ पीड़ितो को सुविधा प्रदान की जा सके। इसके साथ ही उन्होनें निर्देश दिए कि बारिस के कारण किसी भी कालोनी, मोहल्ले, पुलिया एवं घरों में बरसात का पानी न रूके इसके लिए भी तैयारी कर लें। उन्होनें निर्देश दिए हैं कि ऐसे कालोनी, मोहल्ले, पुलिया जहां बरसात के पानी रूकने की संभावना हैं उन्हें चिहिन्त कर तत्काल सुधार करानें की कार्यवाही करे। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि ऐसे पुल जिनमें बरसात में पानी गिरने के कारण पानी पुल के ऊपर से जाने की संभावना होती हैं ऐस पुलों के पास संकेतक बोर्ड अवश्य लगाएं जिससे राहगीरों को पानी भरने की सूचना मिल सके।

### पशुपालन विभाग की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर ने पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में जितने भी गौशालाएं निर्माणाधीन हैं उनका 31 जूलाई तक निर्माण सम्पन्न कराएं। उन्होनें समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देश दिए हैं कि वें निर्माणाधीन गौशालाओं की मानीटरिंग करें एवं तेजी से निर्माण सम्पन्न कराएं। इसी प्रकार कलेक्टर ने ऊर्जा विभाग, खाद्य विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, वित्त विभाग, श्रम विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, श्रीमती प्रगति वर्मा, नरेन्द्र सिंह धुर्वे, श्रीमती ज्योति परस्ते, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एन्टोनियो एक्का सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न



शहडोल। जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, विधायक ब्यौहारी शरद कोल एवं कलेक्टर तरूण भटनागर की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी ने बुढ़ार और बकहो के लिए एसटीपी तथा गंदे पानी की निकासी की योजना पर अपने विचार व्यक्त किये. विधायक ब्यौहारी शरद कोल ने कहा कि नगरपरिषद ब्यौहारी के अंतर्गत बरसात के जल की निकासी हेतु नालियों का निर्माण बेहतर ढंग से कराएं, जिससे पानी की निकासी सरलता के साथ हो जाए और भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी आपस में चर्चा कर ब्यौहारी नगर में किये जा रहे नाली निर्माण का कार्य समुचित ढंग से कराएं जिससे बरसात का पानी सरलता के साथ नदी तक प्रवाहित हो सकें। उन्होंने कहा कि नालियों की साफ-सफाई कराएं जिससे बरसात के समय लोंगो को परेशानियों का सामना न करना पड़ें। बैठक में कलेक्टर तरूण भटनागर ने समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के नगरीय निकायों में किये जा रहें नाली निर्माण के कार्य शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नाली निर्माण करने वाली एजेंसियां जो कार्य नही कर रही है उन्हें ब्लैकलिस्ट कर जुर्माना भी लगाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगरीय निकाय में पानी की निकासी के लिए किये जा रहे कार्यो को इंजीनियर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सतत रूप से मॉनिटरिंग व स्थल का निरीक्षण करें तथा सभी कार्य मापदंडों के अनुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी बुढार को निर्देश दिए कि नगरीय निकाय बुढार में लोंगो को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराएं और अशुद्ध पानी होने पर उसकी गुणवत्ता की जांच करें। उन्होंने कहा कि पानी की उपलब्धता के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत नही आनी चाहिए। बैठक में विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी ने भी नगरीय निकायों में बरसात के पानी की निकासी के संबंध में चर्चा की तथा आवश्यक कार्य करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में सीवरलाइन, ग्रेवल फिल्टर, शोक फिट तथा अमृत-2 के तहत किये गए कार्यो की समीक्षा एवं नगरीय निकायवार बरसात के पानी की निकासी के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष नगर परिषद बुढार श्रीमती शालिनी सरावगी, अध्यक्ष नगर परिषद ब्यौहारी राजेंद्र गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी, इंजीनियर्स उपस्थित थें।

# बाजार से अतिक्रमण हटाने पर बवाल, प्रशासन की टीम से उलझे ग्रामीण, चला बुलडोजर



शहडोल/अनूपपुर। जिले के ग्राम पंचायत चोलना में बाजार से अतिक्रमण हटाने पर ग्रामीणों ने रविवार सुबह जमकर हंगामा किया। शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने पर अधिकारियों के साथ वाद विवाद किया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद था। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस जगह पर अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया गया है, उस जगह से अतिक्रमण ना हटाकर दूसरी जगह से अतिक्रमण हटाया गया है। दरअसल, कलेक्टर के आदेश पर नायब तहसीलदार अपने दलबल के साथ जैतहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चोलना के बाजार से अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे। अतिक्रमण हटाने के दौरान अतिक्रमणकारियों ने जमकर बवाल किया। जहां अधिकारियों से जमकर नोक झोंक भी हुई। जिसके बाद भी प्रशासन की टीम ने शासकीय भूमि में अतिक्रमण पर बुलडोजर चला कर शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस जगह पर अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया गयाहै, उस जगह से अतिक्रमण ना हटा कर दूसरी जगह से अतिक्रमण हटाया गया है।



# 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को पिलाई गई पोलियों की खुराक

शहडोल। कलेक्टर तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शहडोल जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा डोर टू डोर जाकर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। गौरतलब है कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 25 जून 2024 तक 0 से 5 वर्ष तक के आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक डोर-टू-डोर जाकर पिलाई जाएगी।




स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल, भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

# जब अधिकारी हो लापवाह तो योजनाओं का ठण्डे बस्ते में जाना लाजिमी

### पात्रो को कैसे मिले योजनाओं का लाभ जब समाज कल्याण अधिकारी नही उठाते फोन

### पारिवारिक योजनाओं का लाभ पाने के लिये कार्यालय के चक्कर काट रहे पात्र

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर। उत्तर प्रदेश को देश का नम्बर वन प्रदेश बनाने के लिये सीएम योगी द्वारा एक के बाद एक योजनाओं को संचालित किया जा रहा है। सीतापुर के समाज कल्याण विभाग द्वारा इन संचालिता योजनाओं का लाभ ईमानदारी के साथ पात्रों तक नही पहुंच पा रहा है। उधर जब कोई पात्र समाज कल्याण विभाग अधिकारी हर्ष मवार के पास फोन करके अपनी समस्या बताना चाहता है तो वह फोन ही नही उठाते है जिसके चलते समाज कल्याण का हाल रामभरोसे ही चल रहा है और अपने कर्तवव्ययों को तिलांजिल श्री मंवार अपने मोबाइल पर ही चिपके रहते है लेकिन किसी का फोन उठाकर अपनी डियूटी का पालन नही कर पा रहे है जो चर्चा का विषय बना हुआ है। इस समय समाज कल्याण विभाग द्वारा पारिवारिक योजनाओं का लाभ पात्रों तक नही पहुंच पा रहा है। सूत्रो की माने तो सालों से फाइले पेंडिग पड़ी हुई है उनको निपटाया नही जा रही है। सोचने वाली बात तो यह है कि जिस महिला के पति का देहान्त हो गया है और उस महिला के सामने खुद की जिन्दगी ही बोझ सी बन जाती है ऐसे हालातों में उस महिला के सामने अपने बच्चों का पालन पोषण करने में दिक्कते आ रही है ऐसी स्थित में योगी सरकार ने पारिवारिक योजना का लाभ देते हुए ऐसी महिलाओं को आर्थिक योगदान के लिये तीस हजार रूपये की धनराशि तत्काल देने के निर्देश केवल इस लिये किये है कि महिला को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न आये और वह अपने परिवार के पालन पोषण को लेकर ज्यादा परेशान न हो। सीतापुर के समाज कल्याण विभाग द्वारा पिछले करीब तीन सालों से पारिवारिक लाभ योजनाओं की फाइलों को पेडिंग डाल रखा गया है। केवल उन्ही पात्रों को इसका लाभ मिला है जिनके पास नेता नगरी अच्छी थी या फिर पात्र महिला पहुंच वाली थी जिनको इस योजना की सख्त जरूरत थी उनकी फाइले पेडिंग पड़ी हुई है। संतोष पत्नी मनोज कुमार निवासी हलुवापुर विकास खण्ड ऐलिया ने बताया कि मेरी फाइन काफी समय से विचाराधनी पड़ी हुई है हम लगातार कार्यालय के चक्कर काट रहे है बड़े साहब से मुलाकात नही होती है फोन मिलाओं तो बड़े साहब फोन नही उठाते है। इसी से मिलती जुलती कहानी सोनी पत्नी विक्रम निवासी नेरी कला ब्लाक ऐलिया की भी है। ऐसी तमाम फाइले विभाग में धूल चाट रही है उनका निस्तारण नही किया जा रहा है।

# ऑडियो हुआ वायरल प्रधान ने कमीशन को लेकर लगाया आरोप



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर । परसेंडी विकास खण्ड परसेंडी भ्रस्टाचार को लेकर आये दिन शुर्खियो में रहती है,कभी मनरेगा कार्यो को लेकर तो कभी वित्त के कार्यो को लेकर चर्चाओं में रहने वाली विकास खंड परसेंडी में आये दिन नए नए कारनामे उजागर होते रहे है, ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जिसमे प्रधान अपनी पीड़ा को बयां कर रहा है,की किस प्रकार से ब्लॉक पर बैठे अधिकारी शोषण कर रहे है,दरअसल पूरा मामल इस प्रकार है की ग्राम पंचायत अढावल खुर्द में प्रधान के द्वारा नाले का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, निर्माण कार्य को मानको को दर किनार कर पिला ईटा व मौरंग की जगह बालू का प्रयोग कर कार्य कराया जा रहा था, जब इस संबंध में सचिव से बात की गई तो सचिव ने बताया कि मेरा कोई मतलब नही है वह काम प्रधान खुद करा रहे है, उनसे ही बात कर ले, जब इस मामले में प्रधान प्रतिनिधि रईस से बात की गई तो उन्होंने सचिव पर आरोप लगाते हुए बताया कि सचिव अपनी मनमानी करते है, 12त्न कमीशन की भी बात बताई गई, यह भी बताया गया कि सचिव प्रधान पर दबाव बनाते है कि तुम अपना कमीशन ले लो हम काम करा लेंगे, वही प्रधान प्रतिनधि ने यह भी बताया कि काम कराने से पहले ब्लॉक पर कमीशन देना पड़ता है मैने नाले के काम को लेकर ब्लॉक पर स्टीमेट की स्वीकृत कराने के लिए 1 लाख़ 48 रुपये मांग की गई थी, मेरे पास पूरे पैसे नही थे तो कुछ पैसा बाद में ले लेना कह कर काम पास कराया है। जब इस संबंध में खंड विकास अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी मेरे पास ऐसा कोई मामला आया नही है, दोनो ही पक्षो को बुलाकर मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## विद्युत विभाग ने जहांगीराबाद कस्बे में चलाया चेकिंग अभियान

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

बिसवां सीतापुर। विद्युत विभाग ने तहसील इलाके मे सोमवार को जहांगीराबाद कस्बे में बिजली चेकिंग अभियान चलाया। दर्जनों मीटर ओवरलोड मिले तथा दो लोग मीटर से पहले तार काटकर बिजली का उपभोग करते मिले। जिनसे राजस्व की वसूली की गई। एक्स0ई0एन0 जय प्रकाश, एस0डी0ओ0 साण्डा शुभम शर्मा व जे0ई0 साण्डा संतोष कुमार के साथ एस0एस0ओ0 दीपक कुमार,सूरज तथा सभी लाइन स्टाफ को साथ लेकर सोमवार दोपहर जहांगीराबाद कस्बा आ धमके और गांव में बिजली चेकिंग शुरू की। लगभग 60 उपभोक्ताओं के मीटर कनैक्शन की जांच की गयी जिसमें 34 लोगों के मीटर मौके पर ओवरलोड? पाये गये। दो लोग तो मीटर कनेक्शन से पहले तार काट कर लाइन जोड़कर बिजली चोरी करते पाये गये। उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर ? 60443 का बकाया राजस्व भी जमा हुआ। एक्स0ई0एन0 ने बताया कि बिजली चोरी किसी भी सूरत में नहीं करने दी जायेगी। जल्द ही ऐसी अन्य टीमें भेजकर कस्बे में बिजली कनेक्शन की जांच करायी जायेगी।

## हत्या के मामले मे आरोपी तीन अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

बिसवां सीतापुर - कोतवाली के ग्राम सांडा में बीती 25 मई को इमरान पुत्र स्व0 हारून का शव उसके घर के पीछे पेड़ से लटकता हुआ पाया गया था। परिजनों ने प्रेम प्रसंग के चलते पड़ोस में ही रहने वाली युवती के परिजनों पर हत्या के आरोप लगाए थे। बीते 15 जून को पुलिसिया कार्यवाही से संतुष्ट न होने के चलते आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक के परिजन ग्रामीणों के साथ न्याय के लिए पैदल ही घर से मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस व तहसील प्रसाशन ने परिजनों मौके पर पहुंचकर कार्यवाही का आश्वाशन देकर वापस करा दिया था। पहले ही पुलिस ने मृतक इमरान के भाई के आवेदन पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। तभी से पुलिस अपराधियों की तलाश मे थी। रविवार की सुबह कोतवाली बिसवां पुलिस टीम ने उक्त मुकदमे में वांछित चल रहे तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है।प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली पुलिस टीम ने रविवार सुबह ग्राम अकबापुर गेट के पास से तीन अभियुक्ततो अनीस पुत्र अब्दुल अजीज, सूफियान पुत्र मतीन, गुफरान पुत्र लतीफ निवासीगण ग्राम साण्डा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी है। गिरफ्तारी टीम में निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, उपनिरीक्षक हमीदुल्ला खां, हेड कांस्टेबल रामप्रताप, कांस्टेबल शिवम, सत्यम, सुमित कसाना, धीरेन्द्र आदि शामिल थे।

## वर्ष 21,22,2023 की फाइले पड़ी है पेडिंग

सीतापुर। पारिवारिक लाभ योजना से सम्बन्धित वर्ष 2021 से 2023 यानी तीन सालों की फाइले आज भी पेडिंग विभाग में पेडिंग पड़ी हुई है उन पर किसी प्रकार का कोई एक्शन नही लिया गया। पात्र महिलाएं कार्यालय के चक्कर काटते काटते खुद चक्कर काटकर गिरने लगी है इसके बाद भी उन फाइलों का निस्तारण नही हो रहा है। निस्तारण के बदले मलिाओं को आश्वासन और तारीख के अलावा कुछ मिल ही नही है। सीट बाबू जो फाइले पास करवाता है वह सभी फाइले सेटिंग वाली होती है जिस पात्र को इस योजना की सख्त जरूरत है वह तो आज भी कार्यालय के चक्कर काट रही है।

## क्या बोले समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मंवार

सीतापुर। इस सम्बन्ध में जब समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार से बात की गई तो उन्होने बताया कि जब हम तैनात नही थे जब विभाग में क्या होता था इसकी जानकारी मुझे नही है हमारे द्वारा लगातार फाइलों को निस्तारण कर पात्रों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। अभी हमने करीब 110 फाइले पास की है। जब उनसे पूछ गया कि पारिवारिक लाभ योजना की कितनी फाइले पेंडिंग पड़ी है उसको जवाब वह नही दे सके और बोले इस बारे में हमे जानकारी नही है लेकिन फाइले पेंडिग है उनका निपटारा किया जा रहा है।

## घनश्याम मिश्रा जन जागरूकता अभियान के तहत लोगो क़ो नशा न करने के लिए प्रेरित किया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह




नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत थाना सगरा के ग्राम लौआ कोठार में जन जागरूकता अभियान के तहत लोगो को नशे के दुष्प्रभाव बताए जाकर नशा न करने के लिए प्रेरित किया गया साथ हीं लोगो क़ो बताया की नशा यदि किसी भी वर्ग इन्सान करता हैं

तों उसका अच्छा खासा परिवार बिखर जाता हैं

जितने भी अपराध हो रहे हैं उसमे सबसे ज्यादा नशे के लत के लोग करते हैं इस लिए आप सभी ऐ संकल्प करें हमारे आस पास यदि कोई नशा करता हैं तों उसको नशे के बाद उसका दुसपरिणाम क्या देखने क़ो मिलता हैं लोगो क़ो नशे से और समाज क़ो आगे आकर नशे के खिलाफ बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की जरूत हैं

थाना प्रभारी घनश्याम मिश्रा

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं घर-घर दस्तक अभियान

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर । जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं घर-घर दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु अंतर्विभागीय जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सैनिटाइजेशन ,फॉगिंग ,तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव व उनकी बेहतर साफ सफाई, खुली नालियों को ढकने, उथले हैंडपंप को चिह्नित करने सड़क के दोनों ओर दो फुट तक झाड़ियों की साफ-सफाई तथा जल-भराव की समस्या का समाधान कराने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि संचारी रोग के बारे में बच्चों को जागरूक किया जाये साथ ही उन्होनें सभी सम्बन्धित विभागों से संचारी रोगों के नियंत्रण व रोकथाम के सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित विभागों को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण के संबंध में कार्रवाई करने का निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि हाई रिस्क वाले गांव को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाए। उनकी एक सूची बना ले उनमें साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि वहां पर बीमारियों से रोकथाम हो सके और वहां के लोगो को जागरूक भी किया जा सके।


जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिस विभाग की जो भी कार्ययोजना है। उसी के अनुसार कार्य संपादित कराया जाए। सभी विभाग अपना माइक्रो प्लान तैयार कर ले और हर एक विभाग का नोडल अधिकार बना दिया जाए, जो गाँव में होने वाली गतिविधियों और साफ सफाई की जानकारी ग्रामीणों से समन्वय स्थापित करते हुये लेते रहे। उन्होंने संचारी रोग से सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को गंभीर हो जाने का निर्देश देते हुये कहा कि इसकी रोकथाम के लिए शीघ्र टीम बनाकर हर क्षेत्र में जन जागरूकता व अन्य गतिविधियां युद्ध स्तर पर संचालित की जाए। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 31 जुलाई व दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई तक चलेगा।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य चिकित्साधिकारी हरपाल सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा परिणाम में सीता इंटर कॉलेज के चार विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित कर संस्था व क्षेत्र का नाम रोशन किया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

महमूदाबाद, सीतापुर।प्रदेश स्तर की संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 के परीक्षा परिणाम में सीता इंटर कॉलेज के चार विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित कर संस्था व क्षेत्र का नाम रोशन किया। छात्रों की सफलता पर संस्था के प्रधानाचार्य, जनप्रतिनिधियों सहित क्षेत्रीय लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सफल हुए छात्रों को बधाई दी।



सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने बताया कि उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 में संस्था के विद्यार्थी रहे इंटरमीडिएट कृषि वर्ग के जिला टॉपर आकाश यादव ने 104वीं, अमित कुमार ने 150वीं, रवि सिंह ने 160वीं व मोनिका यादव ने 169वीं रैंक प्राप्त कर संस्था व क्षेत्र का मान बढ़ाया। उन्होंने बताया कि उक्त चारों विद्यार्थी शुरुआत से ही पढ़ाई में काफी प्रखर थे। इन विद्यार्थियों की सफलता पर प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार रिजवी, एमएलसी उमेश द्विवेदी, कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या, डा. एमणि मिश्रा, कुंवर रस्तोगी, रामकुमार वर्मा, मोहन प्रसाद बारी, संतोष सिंह, अतुल वर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं व अन्य लोगों ने बधाई दी।

## तालगांव में तैनात सिपाही परमेश्वर यादव द्वारा पीड़ितों से की जा रही अवैध वसूली

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर। कोतवाली तालगांव के एक सिपाही को नही है किसी का डर,सरकार की भृष्टाचार की जीरो तारलेश की नीति को पलीता लगाने का ले रखा है संकल्प।आपको बताते चलें कि हल्का नम्बर 3 में तैनात सिपाही परमेश्वर यादव की पीड़ितों से धन वसूली व जनप्रतिनिधियों से बात चीत में अभद्रता करने की आम आदत बन चुकी जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों में सिपाही की इन आदतों को लेकर काफी रोष व्याप्त है।सूत्रों के अनुसार हाल ही में केस-1 बीती 19 तारीख को इलाके के चांद्पुर के पीड़ित मजदूर राजेस पुत्र सतनु ने अपनी 15000 बकाया मजदूरी दिलाये जाने के लिए धिमौरा के गुलशन के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें सिपाही परमेश्वर यादव द्वारा विपक्षी गुलशन से साठगांठ करके उससे रुपए लेकर पीड़ित को ही डांट फटकार कर 15 हजार बकाया मजदूरी की जगह मात्र 2500 रुपये की मजदूरी दिलाने का सुलहनामा लिखवा दिया गया।केस-2 हाल ही में चांदपुर के पास चांदपुर के पिंकू पुत्र रोहित वर्मा व रिखौना के एहतिशाम के चचेरे भाई से मोटरसाइकिल की भिड़ंत से हुए एक्सीडेंट में दोनों पक्षों की आपसी सहमत से दोनों पक्षों द्वारा जिला अस्पताल में अपना अपना इलाज करवाया जा रहा है।एक्सीडेंट की दोनों मोटरसाइकिल चांदपुर में ही।खड़ी थी।घटना के सम्बंध में दोनों पक्षों ने थाने पर कोई भी तहरीर नही दी थी।उसके बाद भी बिना किसी पक्ष की तहरीर के गांव में खड़ी मोटरसाइकिल जब लेने चिटहिलो के परिजन मौके पर पहुंचे तो सूचना पाकर वहां सिपाही परमेश्वर यादव आ धमके और रौब झाड़ते हुए,दोनों पक्षों को डाँटते हुए।मोटरसाइकिल के बदले 5 हजार रूपयों की मांग रिखौना के पीड़ित से एहतिशाम से की।पीड़ित ने 5 हजार रुपये देने में असमर्थता जताई तो सिपाही ने उससे अभद्रता की।क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के सूचना के बाद क्षेत्रीय दरोगा के हस्तक्षेप के बाद मोटरसाइकिल पीड़ित को मिल सकी।सूत्रों की मानें तो इस तरह से क्षेत्र में दर्जनों घटनाएं है।जिसमें सिपाही परमेश्वर यादव के द्वारा अवैध वसूली व जनप्रतिनिधियों से अभद्रता की गयी हैं।अब देखना यह है कि उक्त सिपाही पर भविष्य के कोई कार्यवाही होती है कि नही। इस सम्बंध में जब प्रभारी निरीक्षक तालगांव दिलीप कुमार राय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी सिपाही से बात करके समझा रहे हैं।

**सिपाही की अवैध वसूली व जनप्रतिनिधियों से अभद्रता से ग्रामीणों में रोष व्याप्त**

# जमीन , रोजगार के लिए होगी अधिकार यात्रा: सुनीला रावत

## संविधान का हर अधिकार बहाल हो - रंजीत सिंह विद्रोही

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

बिसवां / सिधौली सीतापु ` - संवैधानिक अधिकारो की बहाली और जमीन , रोजगार के लिए 25 जून को सिधौली अंबेडकर पार्क से अधिकार यात्रा शुरू होगी । आज सिधौली में पत्रकारो से वार्ता करते हुए आईपीएफ और दलित , पिछड़ा , शोषित एकता समिति की तरफ से अधिकार यात्रा की बुकलेट डा बृजबिहारी , रंजीत सिंह विद्रोही और सुनीला रावत ने जारी की । यात्रा की जानकारी देते हुए आईपीएफ के राज्य सचिव डा बृजबिहारी ने बताया कि अधिकार यात्रा सिधौली से 25 जून को शुरू होकर 15 अगस्त को यात्रा का पहला चरण पूरा होगा । 25 जून से 04 जुलाई तक सिधौली विधान सभा क्षेत्र में क्षेत्रपाल यादव - संत रविदास यात्रा निकाली जायेगी जो विधान सभा क्षेत्र के 10 जिला पंचायत क्षेत्र के 60 गांवो में जायेगी और लोगो को संवैधानिक अधिकारो को लेकर जागरूक करेगी । यात्रा गोंदलामाऊ ब्लाक की 12 ग्राम सभाओ कसमंडा ब्लाक की 12 ग्राम सभाओ , सिधौली ब्लाक की 24 ग्राम सभाओ और पहला ब्लाक की 12 ग्राम सभाओ में 10 दिन दस गांवो में रात्रि विश्राम कर ÷ संविधान पाठ ÷ का आयोजन करेगी । यात्रा सह संयोजक रंजीत सिंह विद्रोही ने बताया की यह यात्रा गांव सभाओ में ÷ संविधान पाठ ÷ का आयोजन कर संवैधानिक अधिकार लोगो को बतायेगी । यात्रा सह संयोजक सुनीला रावत ने बताया की हर गरीब , भूमिहीन को जमीन और हर बेरोजगार को रोजगार की गारंटी के लिए यह यात्रा सिधौली विधान सभा क्षेत्र मे सामाजिक , आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन का नया इतिहास लिखेगी । आज पत्रकार वार्ता में दलित , पिछड़ा , शोषित एकता समिति के जिलाध्यक्ष अम्बरीष कुमार बौद्ध , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यशवंत यादव , महेश सिंहानिया आदि मौजूद रहे । अम्बरीष बौद्ध ने बताया की कल 25 जून को अंबेडकर पार्क सिधौली से यात्रा रवाना होगी ।

# जनपद में कब लगेगा मनरेगा भ्रष्टाचार पर अंकुश

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर । जनपद में भ्रष्टाचार की मजबूत जड़ें चारो दिशाओ इस कदर फैल रही है कि अपनी गिरफ्त में जनपद मुख्यालय से लेकर विकास खंड पर बैठे जिम्मेदार अधिकारियो तक को ले चुकी है, इन फैलती जड़ो को खाद्य व पानी भी यही जिम्मेदार अधिकारी ही अपने काली कमाई को बढ़ाने के लिए दे रहे है, कही न कही इन अधिकारियों को भी मजबूत संरक्षण प्राप्त है, संरक्षण प्राप्त होने की वजह से बेखौफ होकर घोटाले किये जा रहे है।

विकास खंड बिसवां की ग्राम पंचायत बालपुर में मॉडल तालाब का निर्माण कार्य पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, दिन में काम बंद रात में लगती हाजिरी, पुरानी फ़ोटो के सहारे 40 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की जा रही है।

ग्राम पंचायत बंभौर में महात्मा गांधी अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत मेनवा तालाब की खुदाई कार्य पर फर्जी हाज़िरी दर्ज की जा रही है,यंहा भी देर शाम को पुरानी फ़ोटो की फ़ोटो अपलोड कर 85 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की जा रही है।




ग्राम पंचायत बेनीपुर में शहीद वीर अब्दुल हमीद अमृत सरोवर के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सजना तालाब की खुदाई कार्य पर प्रतिदिन 123 श्रमिको की फर्जी हाज़िरी दर्ज की जा रही है, बीडीओ के सख्त रवैये के बाद भी घोटालेबाज बेखौफ होकर फर्जीवाड़ा कर रहे है, पुरानी फ़ोटो की फ़ोटो अपलोड कर हाज़िरी लगा रहे है।

विकास खंड हरगांव की ग्राम खामौना में मनरेगा के अंतर्गत दो काम कराये जा रहे है, दोनो ही कार्यो पर मनरेगा मजदूरो को बुलाकर फ़ोटो अपलोड कर दी जा रही है, पहले कार्य महात्मा गांधी अमृत सरोवर निर्माण कार्य पर 60 श्रमिको की हाज़िरी दर्ज की गई, वही दूसरे कार्य राम नरेश की बाग़ से नदी मोहान तक बंधा निर्माण कार्य पर पर 61 श्रमिको की फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है, वही ऑनलाइन लगी हाजिरी से भी स्पष्ट होता कि 8 से 10 श्रमिको को खड़ा कर सभी मास्टर रोल पर उन्ही श्रमिको की फ़ोटो अपलोड की जा रही है, वही यदि सूत्रों की माने तो कार्य नही कराया जा रहा है,फर्जी हाज़िरी दर्ज की जा रही है।

# ज़मीनी विवाद के चलते दो पक्षों में हुई मार-पीट की घटना के बाद पुलिस की एकतरफा कार्रवाई

## पीड़ित दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर। थाना कोतवाली अकबरपुर क्षेत्रांतर्गत स्थित बदलपुर (सोनगांव) में रविवार की सुबह ज़मीनी विवाद के चलते दो पक्षों में हुई मार-पीट की घटना के बाद पुलिस की एकतरफा कार्रवाई से जंहा दूसरे पक्ष के लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है ।

वहीं पुलिस के ऊपर भी एक पक्ष से मिली-भगत कर दूसरे पीड़ित परिवार के साथ नाइंसाफी किए जाने का इल्ज़ाम लगना शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बार-बार पुलिस व प्रशासनिक अफसरों को पीड़ितों समय से न्याय दिलाने का आदेश भले ही दिया जा रहा है लेकिन शायद उनके आदेश पर लक्ष्मीना अभी भी हाबी नज़र आ रही है मुख्यमंत्री के जीरो टालेंस नीत पर दरोगा वह हल्का सिपाही दिख रहे हैं हॉबी । उक्त प्रकरण में बताया जाता है कि गांव निवासी महेश कुमार अपनी खतौनी की जमीन पर बने मकान के सामने मिट्टी की पटाई करवा रहे थे। और उनके सगे पट्टीदार राम सूरत व उनका परिवार ट्रैक्टर ट्राली से दरवाज़े पर गिराई गई मिट्टी को समतलीकरण करने से मना कर रहे थे। उक्त प्रकरण में पीड़ित महेश कुमार द्वारा महीने भर से कोतवाली अकबरपुर का चक्कर लगाया जा रहा था। प्रार्थना पत्र देने पर पुलिस विवादित स्थल तक जाती थी और वापस चली आती।

पीड़ित को जब जब थाने बुलाती वह पंहुच जाता लेकिन उसका विपक्षी कभी पुलिस के बुलाने पर कोतवाली नहीं गया। क्योंकि उसके साथ हलके का सिपाही जो मिला हुआ था।चर्चा है कि हल्के का सिपाही दिलीप कुमार यादव पीड़ित के विपक्षियों से मलाई काटकर उसकी बराबर मदद करता रहा है। रविवार को पुलिस प्रशासन से मदद की नाउम्मीद होने पर पीड़ित परिवार दरवाजे पर गिरी मिट्टी को समतल करने का कार्य शुरू किया तो उसके विपक्षी उपरोक्त के पुत्र अजीत कुमार,पुत्री रेखा सरिता, कंचन आदि लोगों ने महेश के परिवार पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। दोनों पक्षों में मार-पीट हुई। दोनों पक्षों की तरफ़ से तहरीर पड़ी तो वहां हलका सिपाही ने अंदर अंदर खेला करवा दिया। और सिपाही,हल्का दरोगा मोहले राम ,और कोतवाली के मुंशी तीनों मिलकर पीड़ित पक्ष के एक लोगों को अंदर करते हुए दूसरे पक्ष का मेडिकल करवा कर एक तरफा मुकदमा पंजीकृत कर दिया। पीड़ित पक्ष से कोतवाली में बैठाए गए मुकेश कुमार का शांति भंग की धारा 151के तहत चालान भी कर दिया। दूसरा पक्ष कोतवाली से इतराते हुए ऐसा चला जैसे वह रिश्तेदारों के यहां आया हुआ था। पुलिस की खाऊं कमाऊं नीति से छोटे छोटे मामले इतना गंभीर रूप धारण कर लिया करते हैं कि वह नासूर बन जाते हैं। यहां पर भी पुलिस का रवैया अगर ऐसा बना रहा तो आने वाले दिनों में निश्चित रूप से बड़ी घटना घटने से कोई रोक नहीं सकता है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार करते हुए विपक्षियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करवाए जाने की मांग की है।

# चावल व्यापारी के सिर में गोली मार कर हत्या

## रविवार की रात गुप्तारगंज कस्बे में हुई वारदात

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

सुलतानपुर। जिले के कूरेभार थाना क्षेत्र के गुप्तारगंज बाजार में एक व्यापारी की गोलीमार कर हत्या कर दी गई। गोली लगने से गंभीर हालत में व्यापारी को मेडिकल कालेज लाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। आशंका है कि चावल कारोबार में धान खरीद के लेन-देन में उसे बदमाशों ने गोली मारी है। पुलिस मौके पर जांच पड़ताल कर रही है।



रविवार की रात करीब 9.30 बजे गुप्तारगंज कस्बे का निवासी चावल कारोबारी राजेश उर्फ रोहित जयसवाल पुत्र विदेश्वरी जयसवाल उम्र करीब 35 वर्ष कस्बे में ही चंद्रिकाधाम के पास स्थित भोला चाय की दुकान पर खड़ा था। उसी समय एक बाइक पर सवार दो बदमाश उसके पास पहुंचे। उन्होंने बिना कोई बातचीत रोहित के सिर को निशाना बनाते हुए तमंचे से गोली मार दी।

जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते, गोली सिर में लगने से रोहित मौके पर ढेर हो गया। दोनों बदमाश बाइक से मौके से फरार हो गए। गंभीर हालत में लोगों ने घायल को मेडिकल कालेज के अधीन जिला अस्पताल पहुंचाया, पुलिस को सूचना दी। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। एएसपी अरुण चंद्र ने बताया कि पुलिस मौके पर है। जांच की जा रही है। अभी कुछ लेनदेन का मामला सामने आ रहा है।

## एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अवरुद्ध रास्ते को प्रशासन नहीं खुलवा पाया

अम्बेडकर नगर। 1 सप्ताह पूर्व गत 16 जून को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में भीटी ब्लाक के निवासी बब्बन मिश्रा निवासी महापारा के द्वारा शिकायत की गई थी कि उनके विपक्षी राम राज रामचंद्र ने परिजनो के साथ मिलकर पीड़ित बब्बन मिश्रा के नाभदान की नाली को मिट्टी डालकर अवरूद्ध कर दिया हैं और जिसके कारण उनके घर में पानी भरा हुआ है लेकिन पीड़ित को तत्काल न्याय दिलाने के उत्तर प्रदेश सरकार के सख्त आदेश के बावजूद भी पीड़ित की शिकायत पर एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया गया जिससे पीड़ित के घर में नाभदान का गंदा पानी इकट्ठा हो गया है और नाभदान पूर्ण रूप से बंद हो गया है रास्ते में भी गंदगी फैल गई है। पटीदारों द्वारा की गई इस अमानवीय कार्यवाही से जहां पीड़ित परिवार पूरी तरह से परेशान है वहीं शासन से न्याय न मिल पाने के कारण उनके मन में शासन प्रशासन के प्रति भी अविश्वास पैदा होता जा रहा है यही तोकारण है कि प्रशासन द्वारा पीड़ित और परेशान लोगों को न्याय नहीं दिलाने से लोगों के मन में सरकार के प्रति आक्रोश पैदा हो जाता है जिसका परिणाम आगे चलकर सरकार के लिए घातक साबित होता है।

# आखिर....... क्या खंड विकास अधिकारी अथवा पशु चिकित्सा अधिकारी के लापरवाही के चलते सहभागिता योजना का नहीं मिल पा रहा लाभ

### *सहभागिता योजना के तहत गोवंश ले जाने वाले किसानों के खाते में कई माह से नहीं भेजा गया धनराशि आखिर किसकी लापरवाही.....*

### *सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लापरवाह अधिकारियों के चलते नहीं मिल पा रहा लाभ*

### *आखिर कही लोकसभा चुनाव में इन्हीं अधिकारियों की लापरवाही के चलते अंबेडकर नगर में भाजपा का तो नही हुआ सूपड़ा साफ*

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर। सरकार द्वारा आम जनमानस के हित के लिए समय-समय पर विभिन्न योजनाएं चलाकर उन्हें लाभ देने का काम सरकारी तंत्र के माध्यम से किया जाता रहा है ताकि आम जनमानस को योजनाओं का सीधे लाभ मिल सके साथ ही सरकार टीवी चैनल, अखबार, कैंप के माध्यम से इसका भरपूर प्रचार प्रचार कराती है ताकि अधिक से अधिक लोगों को सरकार द्वारा क्रियान्वित हो रही योजनाओं का लाभ उनका समय से मिल सके तथा उसमें होने वाले दिक्कतों के समाधान के लिए इसकी जिम्मेदारी भी विभाग के अनुसार विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को सौंपी गई है। लेकिन इसके बावजूद भी अधिकारियों कर्मचारियों के लापरवाही के चलते आम जनमानस को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ताजा मामला विकासखंड कटेहरी से संबंधित है जहां पर किसानों ने सहभागिता योजना के तहत पशु चिकित्सालय कटेहरी में शपथ पत्र के साथ अपना संपूर्ण कागजात जमा करने के बाद गोवंश अपने घर पालने के लिए ले गए थे जिनका पालन पोषण किसानों के द्वारा किया जा रहा है लेकिन उनके खाते में पहुंचने वाली धनराशि कई महीने से नहीं भेजी गई है। आखिर इसमें पशु चिकित्सा अधिकारी की लापरवाही या फिर खंड विकास अधिकारी की लापरवाही समझी जाए।

फिर हाल पशु चिकित्सा अधिकारी कटेहरी ओम प्रकाश के ऊपर एक किसान ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि पशु चिकित्सा अधिकारी के द्वारा पैसे की मांग की गई थी उसके द्वारा पैसा नहीं दिया गया तो सहभागिता योजना के तहत मिलने वाली धनराशि अभी तक नहीं पहुँच पाई है। इस पूरे आरोप को पशु चिकित्सा अधिकारी ने निराधार बताया है।

### *पैसे भेजने की क्या है प्रक्रिया*

जानकारी के मुताबिक पशु चिकित्सा अधिकारी के द्वारा किसानों के पशुओं का हर महीने सत्यापन करने के बाद उनकी लिस्ट खंड विकास अधिकारी को प्रेषित की जाती है। जिसके आधार पर खंड विकास अधिकारी ग्राम सभा के गोवंश पालक किसानो को संबंधित गाँव के सचिव के माध्यम से उनके खाते में धनराशि भिजवाई जाती है। लेकिन बीते सितंबर माह से शासन की तरफ से नई गाइडलाइंस जारी होने पर अब पशुओं के सत्यापन का काम सम्बंधित गाँव के सचिव को हो गई है। जिनके द्वारा ऐप के माध्यम से ऑनलाइन डाटा जिओ टैग के साथ पशुओं का अपलोड करना पड़ता है।

आखिर क्या है इसमें कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि पशु चिकित्सा अधिकारी ओम प्रकाश के द्वारा खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार को सहभागिता योजना के लाभान्वित किसानो की सूची भेजी गई है या फिर नहीं अगर भेजी गई है तो खंड विकास अधिकारी के द्वारा उन गोवंश रक्षको के खातों में अब तक पैसा क्यों नहीं भिजवाया गया यह भी अपने आप में बड़ा सवाल है। सहभागिता योजना के तहत गौशाला से गाय ले जाने वाले कई किसानों से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया की कई माह से उनके खाते में धनराशि नहीं भेजी गई है। आखिर सरकार के द्वारा संचालित हो रही इतनी बड़ी योजना का लाभ अब तक इन अधिकारियों के लापरवाही के चलते नहीं मिल पाई यही समझा जा सकता है।

### *कहीं सरकार द्वारा संचालित हो रही योजनाओं का लाभ न मिलने कारण लोकसभा चुनाव तो नहीं हार गई भाजपा*

अम्बेडकर नगर लोकसभा चुनाव में भाजपा का हार का कारण कहीं इन अधिकारियों के लापरवाही का कारण तो नहीं बन गई जिनके द्वारा सरकार के द्वारा संचालित हो रही सैकड़ो योजनाओं का लाभ आम जनमानस को सही से नही मिला सका। शिकायतों के बाद भी उसका निस्तारण फर्जी तरीके से उच्च अधिकारियों को गुमराह कर कर दिया जाता था।

जनपद में बहुत सारे ऐसे भ्रष्टाचार के मामले मीडिया की सुर्खियों में आए लेकिन उन पर कार्यवाही नहीं हुई धीरे-धीरे मामला ठंडा बस्ते में चल गया। पीड़ित भी अधिकारियों और कर्मचारियों के चौखट का चक्कर काट कर थक हार गया अंत में उसे कुंडली मारकर घर बैठना पड़ा है।

जनपद का कोई ऐसा विभाग अछूता नहीं है जहां पर जमकर भ्रष्टाचार नहीं हुआ हो और उसमें संबंधित अधिकारी अपने कर्मचारियों को हमेशा दोषी पाए जाने के बाद भी बचाने का प्रयास न किया गया हो।

### *खंड विकास अधिकारी ने क्या कहा........*

वही जब इस विषय में खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि पशुओं का जियो टैगिंग करने के लिए संबंधित लाभार्थी किसानों के ग्राम सभा के सचिव को बोला गया है जियो टैगिंग होने के बाद उनके खातों में धनराशि भेजी जाएगी।

### *पशु चिकित्सा अधिकारी कटेहरी ने क्या कहा.......*

पशु चिकित्सा अधिकारी कटेहरी ओमप्रकाश ने बताया कि हमारे यहां से सारी प्रक्रिया पूरी करके ब्लाक स्तर पर भेज दी गई है। नए नियमावली के अनुसार संबंधित गांव के सचिव के द्वारा ऐप के माध्यम से पशुओं के जीवित होने व टैग नंबर को ऐप के माध्यम से अपलोड करना होता है। लाभार्थी किसानों की सूची ब्लॉक अनुसार निकालने के बाद विकास भवन जमा करना पड़ता है जहां मुख्य विकास अधिकारी व मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के हस्ताक्षर होने के बाद डीबीटी के लिए पशुपालन विभाग लखनऊ भेज दिया जाता है जहां से धनराशि किसानों के खातों में भेजी जाती है।

### *मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने क्या कहा......*

वही जब मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से वार्ता करने का प्रयास किया गया था उनका फोन व्यस्त होने के कारण वार्ता नहीं हो पाया।

## राजकुमारी वीर साहसी का 460 वा बलिदान दिवस मनाया गया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर । जनपद के तहसील आलापुर गोंडवाना राज्य की सिरमौर गढ़ मंडला की राजकुमारी, वीर साहसी, दुश्मनों के छक्का छुड़ाने वाली महिला का 460 वा बलिदान दिवस स्थान जहांगीरगंज उमरी जलाल गांव में प्रतिमा लगी और वहां पर बलिदान दिवस मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत गोड और जिले के प्रवक्ता विजय कुमार गोंड मौजूद रहे राजेंद्र प्रसाद गोड की अध्यक्षता में तथा संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी, पत्रकार रामूगोड,ने किया, इस मौके पर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष, डॉ लक्ष्मीकांत गोंड जिले के प्रवक्ता के रूप में विजय कुमार गोंड, ने कहा कि अगर गोडसमाज को उसका हक और स्वाभिमान नहीं मिलता है तो 2027 में हम दिखा देंगे अपनी ताकत का एहसास दिखा देंगे और वहीं पर गोंडी नृत्य हुडुक मजीरा के साथ भी देखने को मिला संरक्षक कुलदीप नारायणगोड, रणविजय गोंड, सुनील कुमार गोंड भागीरथी गोड एडवोकेट राम राकेश गोड, एडवोकेट मारकंडेप्रताप सिंहगोड, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी ने कहा कि हमारे पास डाल है हमारे पास बाल है और हमारे पास समस्या का हाल है इसलिए आप लोग एक जुट होकर एक तरफ हूं जिससे आने वाले समय में आपका हक सम्मान मिल सके राजकुमार लक्ष्मीकांत भेज राम कैलाशी देवी गोंड महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कंचन देवी सरिता देवी अंजू देवी इंद्रावती देवी रंजीता देवी संगीता देवी मीना देवी सुनीता देवी अनीता देवी घनश्याम गोड हरिराम गोंड, फूल गेंद गोंड रोहित गोंड दयाशंकर गोंड , राजेश कुमार अनिल कुमार सुनील कुमार जगदीश कुमार रमेश कुमार सुरेश कुमार अनिल कुमार अजीत कुमार मनीष कुमार राकेश कुमार रणधीर कुमार रंजीत कुमार आयुष कुमारआज लोग गोंड समाज के कार्यक्रम में मौके पर उपस्थित रहे प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कई जगह गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस मनाए जाने के समाचार मिले हैं अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष गणेश कुमार कनौजिया निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव शाका राज साहनी।वही मोहम्मदपुर मठिया में समाजवादी पार्टी के बैनर तले प्रदुम यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष भीमलाल कनौजिया के नेतृत्व में भी गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस मनाए जाने का समाचार मिला है वहीं पर गोविंद साहब में भी गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस मनाया जाने का समाचार मिला है। वहीं पर बसखारी में भागीरथी गोंद के नेतृत्व में गोडसमाज की सिरमौर गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस मनाए जाने का समाचार प्राप्त हुआ है जलालपुर में भी मास्टर हरिनारायण गोड के नेतृत्व में गोंड महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस मनाए जाने का समाचार मिला है इस तरह से पूरे उत्तर प्रदेश में जगह-जगह महारानी गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस मनाए जाने का समाचार मिला है और एक जूता होने का भी समाचार मिला है गोड समाज एक हो संगठित हो संघर्ष करो शिक्षित बनो का नारा कई लोगों ने दिया वहीं पर प्रदेश मीडिया प्रभारी रामू गोंड ने कहा कि अगर आपको सुख सुविधा लेनी है तो आने वाले समय में अपने बच्चों को पढ़ना होगा और बताना होगा कि हम क्या है क्या हो गए।

## न्यौरी मुख्य चौक पर शुद्ध जल प्याऊ लगाने की मांग

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। जिले के आलापुर तहसील क्षेत्र के मुख्य बाजार न्यौरी चौक पर आजादी से लेकर आज तक एक शुद्ध जल प्याऊ की व्यवस्था नहीं हो पाई है जिसके कारण प्रतिदिन हजारों लोग इस भीषण गर्मी में पानी के लिए तरसते नजर आ रहे हैं। इस जटिल समस्या पर आज तक न तो किसी भी पार्टी के जनप्रतिनिधियों, सांसद ,विधायक , ब्लॉक प्रमुख तथा जिले के किसी समाजसेवियों ने ध्यान नहीं दिया है जिसके कारण इस मुख्य चौक पर प्रतिदिन पानी के लिए हजारों लोगों को भटकना पड़ता है।

# सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुनः कि तोड़फोड़ मारा पीटा

## मां ने बेटी की शादी के लिए एक लाख रुपए लेकर दिया था कब्जा

अम्बेडकर नगर। जनपद के भीटी थाना क्षेत्र अंतर्गत सुगौटी दामोदर पुर की श्याम राजी पत्नी रामनाथ ने सोमवार को मीडिया के माध्यम से गुहार लगाई। बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की और घर को तोड़ दिया गया। पीड़िता ने बताया कि पार्वती पत्नी बद्री प्रसाद की थोड़ी सी जमीन सहन दरवाजे पर आबादी की जमीन थी। बेटी की शादी करने के लिए पैसा नहीं था करीब 10 लोगों के सामने हमने पैसा दिया था और उन्होंने लिया था पार्वती देवी कीसी प्रकार का ना नहीं कह रही है। और यह बात कुछ लोगों को रास नहीं आई और उन्होंने उसके बेटे को उकसाया और तोड़फोड़ की सर में चोटे भी आई।पुलिस सूचना के बाद पहुंची और वहां से यह कह कर वापस चली आई कि उन्हें पकड़वाइए। वहीं पुलिस के ऊपर भी एक पक्ष से मिली-भगत से नाइंसाफी किए जाने का इल्ज़ाम भी लगा रहा है।पीडीता का आरोप है कि प्रमोद शर्मा ने 5000 लिए थे।

### क्या पुलिस को और भी बड़े घटना का है इंतजार

चर्चा है पुलिस की खाऊं कमाऊं नीति से छोटे छोटे मामले इतना गंभीर रूप धारण कर लिया करते हैं कि वह नासूर बन जाते हैं। यहां पर भी पुलिस का रवैया अगर ऐसा बना रहा तो आने वाले दिनों में निश्चित रूप से बड़ी घटना घटने से कोई रोक नहीं सकता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बार-



बार पुलिस व प्रशासनिक अफसरों को पीड़ितों समय से न्याय दिलाने का आदेश भले ही दिया जा रहा है लेकिन शायद उनके आदेश पर लक्ष्मीना अभी भी हाबी नजर आ रही है खाकी पर दाग लग रहा है देखना है जनपद के जिम्मेदार अधिकारी क्या न्याय करते हैं मामला में पुलिस अधीक्षक से भी न्याय की गुहार लगाई गई है।

## सामूहिक विवाह का पैसा ना देने पर कैटर्स ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लगाई गुहार

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर । जनपद के भीटी थाना क्षेत्र के निवासी रामू कैटर्स द्वारा बताया गया है कि 14/ 12/ 20 22 को कटेहरी ब्लॉक में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम का ठेका लिया गया था जिसका खर्च लंच पैकेट का बकाया 36 हजार है। एसडीओ समाज कल्याण अधिकारी सुरेश त्रिपाठी द्वारा ठेका दिलाया गया था जिसमें उन्होंने कमीशन भी लिया था लेकिन पीड़ित का बकाया पैसा नहीं दिया जा रहा है मांगने पर कहते हैं नहीं देंगे जो करना हो कर लो पीड़ित काफी हैरान और परेशान है जिसकी शिकायत उसने आज जिला अधिकारी से मिलकर किया है यह कोई नया मामला नहीं है सुबेश त्रिपाठी द्वारा इसके पहले भी पैसा ना देने के मामले में उसे मारने पीटने की धमकी दिया था।

## डाक सेवक दीपक मौर्य ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र के जरिए बताई आपबीती

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। जनपद के टांडा

हंसवर के रहने वाले डाक सेवक दीपक मौर्य ने पुलिस कप्तान को प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या से अवगत कराया। दीपक मौर्य ने लिखा कि निवेदन है कि डाक विभाग में डाकघर जैनुद्दीनपुर में ग्रामीण डाक सेवक के पद पर कार्यरत हूं, कुछ लोगों से वैचारिक मतभेद चल रहा है जिसके कारण प्रार्थी के नाम कहीं किसी विभाग या हमारे विभाग के कर्मचारियों को प्रेषक की जगह मेरा नाम लिखकर फर्जी तरीके से गुमराह करके फसाने की कोशिश की जा सकती है आपसे विनम्र निवेदन है यदि भविष्य में इस प्रकार के मामले आते हैं तो प्रार्थी के पूछताछ करके उचित कार्रवाई करने का कष्ट करें आपकी महान कृपा होगी।

# सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित ग्रामीण बैठे धरने पर

## *डॉक्टर नीलेश अग्रहरि बहुत अच्छे डॉक्टर हैं उनके ऊपर जो भी आरोप लगा है वह गलतः ग्रामिक*

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

सुल्तानपुर। जिले के ब्लॉक करौदी कला अंतर्गत ग्राम सभा कम्मरपुर के प्राणनाथपुर कायस्थ गांव में ग्राम पंचायत भवन में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय लगभग आठ वर्ष से चल रहा है। ग्रामीणों को जब पता चला कि प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ निलेश अग्रहरि के ऊपर गलत आरोप लगाकर राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय प्राणनाथपुर कायस्थ से ग्राम सभा अमरेमऊ पंचायत भवन में जा रहा है , यह बात सुनते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीण जन ग्राम पंचायत भवन पर सैकड़ों की संख्या में इकट्ठा होकर धरने पर बैठ गए।बताते चले कि डॉक्टर नीलेश अग्रहरी के ऊपर आरोप यह लगा है कि डॉक्टर साहब मरीज से पंद्रह दिन पुराना दवा की पर्ची मांग लिए, बस इसी बात को लेकर ग्राम प्रधान मनोज तिवारी नाराज हो गए।और नाराजगी इतना बढ़ गई की ग्राम पंचायत भवन से निकलने की बात होने लगी ।ग्रामीणों का कहना है कि डॉक्टर नीलेश अग्रहरि बहुत अच्छे डॉक्टर हैं उनके ऊपर जो भी आरोप लगा है वह गलत है। किसी एक विशेष



व्यक्ति के आरोप लगाने के कारण हॉस्पिटल दूसरे गांव नहीं जाने देंगे। इसी बात को लेकर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण इकट्ठा होकर धरने पर बैठ गए। सूचना पर पहुंचे करौदी कला थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने ग्राम प्रधान मनोज तिवारी से फोन से बात करने पर पता चला कि जौनपुर कुछ काम के लिए गए हुए है।थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार के समझाने के बाद भी ग्रामीण अपनी जिद्द पर अड़े रहे । होम्योपैथिक डॉक्टर नीलेश अग्रहरि ने बताया विभाग से बात हो गई है जब तक लिखित आदेश नहीं आ जाता है तब तक यही पर रहूंगा। इस मौके पर पत्रकार बिकास मिश्र, देवेन्द्र कुमार उपाध्याय,रतीभान उपाध्याय, डी के तिवारी, श्रीकांत उपाध्याय, विजय प्रकाश उपाध्याय, अमरीश उपाध्याय, संदीप उपाध्याय,प्रेमनाथ उपाध्याय,विजय कुमार तिवारी,राहुल तिवारी,अमित उपाध्याय, त्रिवेणी कुमार, चौथी निषाद,लल्लू उपाध्याय,विजय भान उपाध्याय,सोनू उपाध्याय,दुर्गेश मिश्रा आदि लोग व सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व ग्रामवासी उपस्थित रहे।